# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार, 7 जुलाई 2025



# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY

Chhattisgarh, Bilaspur

AN AISECT GROUP UNIVERSITY

**Approved by :** PCI | AICTE | NCTE | BCI | **Member of :** AIU | **Recognized by :** UGC | A NAAC Accredited University

18 YEARS OF EXCELLENCE

## YOUR GATEWAY TO A GLOBAL FUTURE @ CVRU WITH IBM/GOOGLE

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

INDUSTRY-ALIGNED DEGREES WITH GLOBAL CERTIFICATIONS

Affordable | Future-Ready | Globally Recognized

- AI & Machine Learnig
- Data Science
- AR, VR & Gaming
- IoT & AI

- Globally Recognized IBM Certifications
- Industry-Relevant Curriculum
- Smart Classrooms & Labs
- Placement Assistance & Career Guidance

## FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

### B.Tech.

- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Electrical Engineering
- Electronics & Comm. Engineering
- Computer Science Engineering
- Electrical & Electronics Engineering

### Polytechnic Diploma

- Civil Engineering
- Mechanical Engineering
- Computer Science Engineering
- Electrical Engineering

### M.Tech

- Digital Communication
- Power System
- Computer Science Engineering
- Production Engineering
- VLSI • Software Engineering

UG Diploma in Fire Safety Management

## PROGRAMMES OFFERED

**LAW**
- LL.M| LL.B
- B.A. (LL.B)
- B.Com (LL.B)

**MANAGEMENT**
- B.B.A.| M.B.A. |PGDBM

**COMMERCE**
- B.Com. | M.Com.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
- M.Sc. (IT) | M.Sc. (CS)
- PGDCA | BCA | DCA

**SCIENCE**
- B.Sc. (Mathematics, Biology, Biotech Microbiology, Computer Science, Rural Technology)
- M.Sc. (Physics, Chemistry, Maths, Micro-Biology, Botany, Biotech, Zoology, Electronics, Rural Tech., Applied Physics)
- PGDRD

**PHARMACEUTICAL SCIENCES**
- B. Pharm-(4-Year Course)
- D. Pharm-(2-Year Course)
- M. Pharm-(2-Year Course)
- UG Nutrition & Dietetics

**EDUCATION**
- B.Ed. | M.Ed.

**PHYSICAL EDUCATION**
- B.P.E.S. | M.P.E.S.

**ARTS**
- B.A. (Chhattisgarhi, Hindi, Sanskrit, English, Economics, Geography, History, Political Science, Sociology)
- PERFORMING & FINE ARTS (Indian Music (Vocal) Kathak, Tabla, Guitar)
  B.P.A. | M.P.A.
- M.A.
  - Linguistics- (English, Hindi, Chhattisgarhi, Sanskrit)
  - UG Diploma in Foreign Language
  - Diploma in Karmakand
  - Diploma in Jyotish evam Vastu
  - Social Science (History, Geography, Economics, Sociology, Political Science, Education, Rural Development)
  - PG Diploma in Geospatial Technology
- B.Lib. | M.Lib. | M.S.W.
- B.J. | M.J.

**B.VOC (Work Integrated Learning Program)**
- Automobile Servicing
- IT Application Development
- Banking Financial Services & Insurance
- AC & Refrigeration
- Construction
- Home Care
- Production Technology
- House Keeping
- Multi Media & Animation
- Fashion Designing
- Interior Decoration
- Hospital Administration
- Fire & Safety (Industrial & Construction)

## ADMISSIONS OPEN
## SESSION-2025-26

SCAN QR CODE FOR SCHOLARSHIP ENTRANCE TEST

### CVRU-SET

DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY-SCHOLARSHIP ENTRANCE TEST

विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन परीक्षा

### Special Features:

- Accredited by NAAC
- Chhattisgarh's first private university
- Skill Courses offered by PMKK in the University
- 100+ Industry Collaborations for a strong industry academia relationship.
- 12 Centre of Excellence in the field of Art & Culture, Biotechnology, Green Energy, Performing Arts, Future & high end skills and many more
- Sprawling 70-acre campus surrounded by lush greenery
- Diverse student base from 8 states

### Top Recruiters of AGU

More than **500 companies** for Placements and Internships Offering up to **10 Lakh Package**

### Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

University is recognized by 2(f) under section 22 of UGC (University Grant Commission) Act 1956

The AICTE (All India Council of Technical Education) Bilaspur

The NCTE (National Council for Teacher Education)

The BCI (Bar Council of India)

The University is Approved by CGPURC (Chhattisgarh Private University Regulatory Commission)

The PCI (Pharmacy Council of India,

University Grants Commission (UGC) Distance Education Bureau

SCAN QR CODE FOR ADMISSION ENQUIRY

## ADMISSION HELPLINE: 6261-900581/82

**Campus:** Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.), Ph. 07753-253801 E-Mail : info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

AdPRAYAS

शहर से लाभग 80 किमी दूर ओडिशा के कोरापुट रेल सेक्शन में सम्मलित रायगड़ा रेल मंडल अंतर्गत किरन्दुल-कोत्तवालसा रेल लाइन में बुधवार को मल्लिगुड़ा-जरटी स्टेशन के मध्य पहाड़ से मिट्टी और चट्टान का मलबा पटरी के ऊपर समाने की घटना हुई। जिसे रायगड़ा और विशाखापटनम रेल मंडल के डीआरएम अमिताभ सिंघल और ललित बोहरा के दिशा निर्देश और कार्य स्थल पर जोरशोर से चले सुधार व मरम्मत कार्य के बाद बाधित रेल लाइन को शुक्रवार देर शाम 6 बजे बहाल कर दिया गया।

## चीफ इंजीनियर व डीआरएम ने किया ट्रेक का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

किरन्दुल-कोत्तवालसा रेल लाइन में लैंड स्लाइड की घटना हुई उस स्थल की पटरी के नीचे की मिट्टी और चट्टान भारी बारिश में पूरी तरह से नरम होकर गीली मिट्टी ढीली पड़ गई है। जिसके चलते पटरी में पहले जैसी मजबूती नहीं रही, बल्कि कमजोर धनुषाकार हो गया है। जिसके चलते किरन्दुल और जगदलपुर से संचालित होने वाली 5 यात्री ट्रेनो के परिचालन 7 जुलाई तक रद्द किया गया है। इधर घटना स्थल पर रेल ट्रैक का बारीकी से निरीक्षण करने रेल जोन मुख्यालय भुवनेश्वर से चीफ ट्रेक इंजीनियर अशोक कुमार मौके पर पहुंचे है। किरंदुल-कोत्तवालसा रेललाइन पर मंगलवार को मल्लीगुड़ा-जड़ती स्टेशनों के बीच हुए भूस्खलन के बाद लगभग 48 घंटे बाद पटरियों पर गिरे मलबे व बोल्डरों को हटा दिया गया है।

हरिभूमि फॉलोअप

# भारी बारिश के बीच केके लाइन की मरम्मत की गई पूरी, पर रेल परिचालन नहीं हुआ शुरू

### रेलवे को करोड़ो के नुकसान

*रेलवे की तकनीकी टीम के अनुसार भूस्खलन से रेललाइन पर लगभग 30 हजार घनमीटर मलबा गिरे मलबा व बोल्डर साफ करने के बाद सिग्नल सिस्टम का काम जोरशोर से जारी हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भूस्खलन से रेलवे को माल परिवहन से लगभग 2 करोड़ का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने में लगभग 5 करोड़ से ज्यादा का नुकसान रेलवे को उठाना पड़ रहा है। बीते 48 घंटों से ज्यादा समय तक लगातार दिन-रात 16 हेवी ड्यूटी एस्केवेटर और 300 से ज्यादा मजदूरों ने 25 हजार घनमीटर मलबा हटाने का काम किया।*



### ओएचई का काम जारी

*ओएचई यानि बिजली सप्लाई और सिग्नल सिस्टम का काम जारी हैं। डिवीजनल रेलवे मैनेजर और वरिष्ठ अधिकारियों की प्रत्यक्ष निगरानी में चौबीसों घंटे काम किया। त्वरित प्रतिक्रिया पर वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों की व्यक्तिगत निगरानी रही, जिनमें वाल्टेयर डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर ललित बोहरा, डीआरएम रायगढ़ अमिताभ सिंघल, अतिरिक्त डीआरएम और अन्य शीर्ष स्तर के अधिकारी शामिल थे।*

### सिग्नलिंग और ओएचई कार्य चल रहा

*ईस्ट कोस्ट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने कहा कि सिग्नलिंग और ओवरहेड इक्विपमेंट से संबंधित बहाली कार्य पूरा होने के तुरंत बाद ट्रेन सेवाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी। हालांकि रेक समायोजन और कोचिंग रेक की अस्थायी अनुपलब्धता के कारण कुछ ट्रेनों को रद्द या आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया है और कुछ ट्रेनों को रेक समायोजन के लिए कोरापुट तक चलाया जाएगा। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनीयात्रा की योजना बनाने से पहले आधिकारिक रेलवे चैनलों के माध्यम से नवीनतम अपडेट लेकर ही यात्रा करे।*

## खबर संक्षेप

### केसीसी लोन के नाम पर 3.80 लाख रुपए की ठगी

**महासमुंद।** केसीसी लोन दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति के साथ करीब 3.80 लाख रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। बलौदा पुलिस ने बताया कि आवेदक लोचन सिंह दीवान पिता ननकीराम दीवान निवासी कालीदरहा ने द्वारा पूरन सिंह ठाकुर पिता गंगाधर ठाकुर ग्राम कोटद्वारी एवं संजय रथ पिता हेमसागर ग्राम कोटद्वारी द्वारा उसके साथ केसीसी लोन के नाम पर धोखाधड़ी किए जाने का मामला दर्ज कराई है पुलिस आवेदन की जांच करने पर पाया कि आरोपी पूरन सिंह ठाकुर आवेदक लोचन दीवान को पहले से जानता था।

### कार की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौके पर मौत



**कसडोल।** रविवार की शाम 4 बजे नेशनल हाईवे 130 बी कसडोल नगर के आईएफसी रेस्टोरेंट के समीप भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक कसडोल नगर के पारस नगर सेक्टर 2 निवासी रामायण बाई उम्र 65 साल पति घनश्याम दिव्याकार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर चांपा से रायपुर जा रही स्विफ्ट डिजायर सीजी 04 एनएम 2779 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चल रही महिला को टक्कर मार दिया वही स्विफ्ट डिजायर तीन बार पलट भी गया। इस हादसे में स्विफ्ट डिजायर में बैठे वाहन चालक विनय सोनी और वाहन मालिक विशाल ख़ैलवाल को मामूली चोटें आई वही हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। देर शाम पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। ज्ञात हो कि मृतिका रामायण बाई दिव्याकार नगर में संचालित आद्या अस्पताल के संचालक डॉ. सुरेंद्र दिव्याकार की माता है।

### बाइक और मजदा की टक्कर, युवक की मौत

**राजिम।** मगरलोड-भेण्डरी मार्ग से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां तेज रफ्तार माजदा वाहन ने बाइक सवार को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई है। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना मगरलोड थाना अंतर्गत करेली बड़ी चौकी क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार मगरलोड मार्ग पर ग्राम बुढ़ेनी के पास तेज रफ्तार माजदा वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान कमलेश निषाद पिता मानसिंह निषाद (26 वर्ष) के रूप में हुई है, जो भेण्डरी मौहापारा का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि मृतक कमलेश निषाद पारागांव काम करने गया था। शाम करीब 6.45 बजे घर जाने के लिए निकला था। तभी यह हादसा हो गया। घटना इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।



## सरगुजा-बिलासपुर में झमाझम बारिश, दूसरी तरफ रातापायली में शिवनाथ नदी सूखी

# कोटे से 54% कम बारिश का असर: आषाढ़ में सूखी शिवनाथ, बोनी के लिए पानी नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक तरफ राज्य में सरगुजा-बिलासपुर व अन्य क्षेत्र झमाझम बारिश से सराबोर है। बाढ़ के हालात बने हुए हैं वहीं दूसरी ओर अब भी जिले में सूखे के हालत बने हुए हैं। आषाढ़ खत्म होने को है और जिले में सामान्य के मुकाबले 54 फीसदी तक कम बारिश दर्ज हुई है। इनमें भी एलबी नगर, छुरिया और डोंगरगांव ब्लॉक में सबसे कम बारिश देखने को मिली है। आलम यह है कि जुलाई का पहला सप्ताह बीतने को है और अब तक शिवनाथ के कंठ सूखे हुए हैं। खेतों में बोनी के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। जिसकी वजह से बोनी पिछड़ गई है।

उल्लेखनीय है कि इस बार मानसून अपने तय समय से काफी पहले प्रदेश पहुंच चुका था। जिले में भी पिछले कुछ सालों के मुकाबले मानसून ने जल्द दस्तक दी। जिससे ऐसा लग रहा था कि जून महीने की समाप्ति तक पर्याप्त बारिश देखने को मिल जाएगी, परन्तु ऐसा हुआ नहीं। अब तक के मानसूनी सीजन में महज 95 मिमी बारिश ही देखने को मिली है, जो सामान्य से 54 प्रतिशत तक कम है। यही वजह है कि जहां छोटी नदी-नालों में जलस्तर नहीं बढ़ पाया है। शिवनाथ भी सूखी हुई है।



आषाढ़ माह की बिदाई के दौर में ग्राम रातापायली में शिवनाथ नदी सूखी।

### अंचल में आज से भारी बारिश का अनुमान

मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर सूरतगढ़, सिरसा, दिल्ली, लखनऊ, वाराणसी, डाल्टनगंज, बांकुरा, दीघा और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास बन गया है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड और उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर अगले दो दिनों में पहुंचने की संभावना है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से गंगेटिक पश्चिम बंगाल में स्थित निम्न दाब के क्षेत्र तक, उत्तर गुजरात, मध्य मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड होते हुए 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 7 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### एलबी नगर पिछड़ा, नांदगांव में सर्वाधिक वर्षा

जिले में अब तक कुल 94.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जबकि इस अवधि में सामान्य रूप से 203 मिमी बारिश होनी चाहिए। ऐसे में अब तक के आंकड़ों के अनुसार जिले में 54 फीसदी कम बारिश हुई है। इनमें एलबी नगर में महज 35 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य कोटे का महज 16.7 फीसदी ही है। डोंगरगढ़ में 50 फीसदी, घुमका में 64 फीसदी, छुरिया में 40 प्रतिशत, कुमरदा में 40 प्रतिशत और डोंगरगांव में 33 फीसदी बारिश हुई है। केवल राजनांदगांव ब्लॉक की स्थिति ठीक है। यहां 167 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य आंकड़े का 80 प्रतिशत है।

### 1.84 लाख हेक्टेयर में खेती

जिले में इस बार करीबन 1.84 लाख हेक्टेयर में खेती किसानों द्वारा की जा रही है। इनमें 172600 हेक्टेयर में धान फसल ली जाएगी। वहीं 3720 हेक्टेयर में मोटा अनाज, 1250 हेक्टेयर में दलहन एवं 3340 हेक्टेयर में तिलहन फसल ली जाएगी। इनमें से अब तक लगभग 55 फीसदी रकबे में ही बोनी कार्य पूरा हो पाया है। अल्प वर्षा के चलते बोनी पिछड़ गई है। खासकर एलबी नगर, डोंगरगांव और छुरिया इलाकों में बोनी के आंकड़े कमजोर हैं।

हत्या सहित कई घटनाओं में थे शामिल

## चिंतलनार जगरगुण्डा एरिया में सक्रिय दो नक्सली गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

सुकमा जिला के कोंटा ब्लॉक के चिंतलनार जगरगुंडा एरिया में सक्रिय दो नक्सलियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सल आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु संयुक्त टीम को रवाना की गई थी। इस दौरान ग्राम तिम्मापुरम की घेराबंदी कर थाना चिंतलनार के प्रकरण में फरार चल रहे जगरगुण्डा एरिया कमेटी के सक्रिय दो नक्सली हेमला सुक्का पिता हेमला भीमा मिलिशिया सदस्य व तेलाम हड़मा पिता जोगा मिलिशिया सदस्य निवासी ग्राम तिम्मापुरम थाना चिंतलनार को पकड़ा गया। पकड़े गये दोनों नक्सली थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तिम्मापुरम के ग्रामीण पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या करने की नीयत से लाठी डण्डे से मार-पीट करना एवं रस्सी से गला घोंटने। ग्रामीण को मृत समझ कर अधमरा छोड़कर कर जंगल की ओर भाग जाने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहे है। थाना चिंतलनार में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध थी। दोनों आरोपियों को रविवार के गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

सीसीटीवी कैमरे में शिकार का वीडियो कैद

## सिहावा रोड में तेंदुआ ने किया शिकार, अंचल में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर से 10 किमी दूर सिहावा रोड में तेंदुआ ने एक कुत्ता का शिकार किया है। तेंदुआ द्वारा शिकार करने की वीडियो फुटेज सामने आई है। इससे आसपास के गांवों में दहशत बनी हुई है। बताया जा रहा है कि तेंदुआ का शिकार करने वाली जगह से करीब 1 किमी पर सिंगल हाथी का विचरण हो रहा है। जिले का जंगल खतरनाक जंगली जानवरों से आबाद होने लगा है। कुछ साल पहले सामान्य वनमंडल धमतरी में भालू, सुअर, तेंदुए के हमले की खबर सुर्खियां बनती थी। अब हाथी और बाघ जैसे जंगली जानवर अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। शनिवार की शाम 5 बजे शहर से 8 किमी दूर मथुराडीह और सियादेही के बीच स्थित राजा ढाबा के पास एक कुत्ता का शिकार करते हुए तेंदुए की वीडियो फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

राजा ढाबा के संचालक राजा रणसिंह ने बताया कि शनिवार शाम को उनके ढाबा के पास शाम 5 बजे तेंदुआ ने एक कुत्ता का शिकार कर लिया जिसकी वीडियो फुटेज ढाबा में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। उन्होंने बताया कि इसके बाद शाम 7 बजे फिर दो तेंदुआ को रोड में देखा गया। इस दौरान सिहावा रोड का ट्रैफिक कुछ देर के लिए थम गया था।



### हाथी का भी विचरण हो रहा है

डिप्टी रेंजर राकेश तिवारी ने बताया कि कुत्ता का शिकार करने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां पर तेंदुआ का पदचिन्ह स्पष्ट रूप से देखने को मिला है। उन्होंने बताया कि तेंदुआ का प्रिय भोजन कुत्ता है। ढाबा के पास कुत्तों का झुंड रहता है। इसी करण ढाबा के पास अक्सर तेंदुआ देखने को मिलता है। श्री तिवारी ने बताया कि आसपास गांव के लोगों को शाम से लेकर सुबह तक जंगल की ओर नहीं जाने के लिए सावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि कुत्ते का शिकार वाले घटनास्थल से 7 से 8 सौ मीटर की दूरी पर सिंगल हाथी का भी विचरण हो रहा है। इसे देखते हुए बरारी, भोयना, शकरवारा, मुड़पार, कोटाभर्री, सियादेही, लसुनवाही, रामपुर, फुटहामुड़ा, गंगरेल, मरादेव आदि गांव में अलर्ट किया गया है।

### हिरण की खाल के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार

**रसेला।** अंचल में हिरण की खाल और गांजा के साथ पति-पत्नी तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से अवैध गांजा और वन्य प्राणी (हिरण) की खाल बरामद की गई है। पति-पत्नी दोनों गांजा और खाल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक, ग्राम कनसिंघी में पुलिस ने खिलावन दास वैष्णव (42 वर्ष) और उसकी पत्नी सेवती बाई वैष्णव (40 वर्ष) को अवैध गांजा और हिरण की खाल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पति-पत्नी गांजा और खाल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को घेरकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर एक थैले में छिपाकर रखा गया गांजा (करीब डेढ़ किलो) और एक बोरी में छिपाकर रखा गया वन्य प्राणी हिरण की पुरानी खाल मिली। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से गांजा और खाल बरामद की है। गांजे की कीमत करीब 15 हजार और खाल की कीमत 50 हजार आंकी गई है।



## सास-ससुर ने पेश की मिसाल, विधवा पुत्रवधू का किया बेटी की तरह कन्यादान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर निवासी सीता-श्यामलाल देवांगन ने अपनी विधवा पुत्रवधू गायत्री का फिर से विवाह कराकर अनुकरणीय पहल प्रस्तुत किया है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। विधवा पुत्रवधू का पुनर्विवाह कर बहू को नई नई जिंदगी देने वाले सीता-श्यामलाल देवांगन ने मिशाल पेश की है। उन्होंने विधवा पुत्रवधु का बेटी की तरह कन्यादान किया। उनके बेटे पारस देवांगन का विवाह रायगढ़ के चुन्नी हरिलाल देवांगन की पुत्री गायत्री के साथ हुआ था। कोरोना काल में एकलौते बेटे की मौत हो गई। पुत्रवधू के लिए रिश्ता ढूंढ लिया और बेटी की तरह पूरे रीति रिवाज से विवाह आशीष से कर दिया व विदा किया। उन्होंने माता -पिता का फर्ज निभाते हुए कन्यादान किया। आशीर्वाद देने पहुंचे लोगों से उपहार में केवल एक रुपये ही स्वीकार किया।

प्रतिनिधिमंडल को आयुक्त सह मिशन संचालक ने चर्चा के लिए बुलाया

## मितानिनों की आज काम बंद, कलम बंद हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर की मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्थ डेस्क फेसिलिटेटर और ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर काम बंद कलम बंद हड़ताल करेंगे। प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ रायपुर के आव्हान पर 7 जुलाई को प्रदेशभर की मितानिनें प्रतिमाह वेतन भुगतान करने और मितानिनों को राज्यांश तथा केन्द्रांश प्रोत्साहन राशि का एकमुश्त भुगतान करने समेत अन्य मांगों को लेकर काम बंद कलम बंद कर शासन का ध्यान आकर्षित करेंगी। दरअसल 2023 चुनाव के पूर्व घोषणापत्र में मितानिनों से वादा किया गया कि मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलियन किया जाएगा एवं वेतन में 50 फीसदी की वृद्धि की जाएगी, पर शासन स्तर पर यह वादा आज तक पूरा नहीं किया गया। मितानिनों का कहना है कि लंबित मांगों की अनदेखी कर रहे हैं। पूर्व में अपने लंबित मांगों को लेकर 13 दिसंबर 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल की गई थी। किंतु संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा यह जानकारी दी गई कि शासन द्वारा लंबित मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जा रहा है।

### प्रमुख मांगें

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलियन की मांग और मासिक वेतन में 50 फीसदी वृद्धि
- एनजीओ के साथ काम नहीं करने की मांग
- आशा रिसोर्स सेंटर अंतर्गत मितानिन कार्यक्रम के लिए दिशा-निर्देश जारी किया जाए
- मितानिन ट्रेनर के लिए एनएचएम आरओपी 2024 में स्वीकृत राशि 400 रुपए प्रतिमाह की दर से जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित किया जाए
- मितानिन कल्याण कोष का लाभ यथावत मिलता रहे

बेचाघाट पुल को स्वीकृत होने के बाद ग्रामीणों ने नहीं बनने दिया

# पुल नहीं बनाने को लेकर अक्सर ग्रामीण करते हैं आंदोलन, अब बारिश के मौसम में हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

ग्राम पंचायत नाहगिदा के आश्रित ग्राम नेढगांव की बुजुर्ग महिला का स्वास्थ्य खराब होने के कारण नदी में पुल नहीं बनने के कारण एंबुलेंस नहीं पहुँच पाई। मजबूरी में गांव के युवाओं ने महिला को कंधे पर लादकर नदी का पार करके अस्पताल पहुंचाया।

दो दिन पहले नेढ़गांव निवासी बुजुर्ग महिला सुखियारी बाई ध्रुव का स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया था। नदी में पुल नहीं होने के कारण एंबुलेंस का पहुँच पाना संभव नहीं था। गांव के युवाओं ने महिला को ईलाज के लिए कंधे पर लादकर पखांजुर पहुँचे। बुनियादी ढांचे की कमी को उजागर करने वाली एक चिंताजनक घटना में जिले के परलकोट क्षेत्र के ग्रामीण एक बुजुर्ग महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए उफनती नदी को पार अपने कंधों पर लादकर ले जाने पर मजबूर होना पड़ा। पिछले तीन दिनों से लगातार भारी बारिश के कारण क्षेत्र की अधिकांश नदियाँ और नाले उफान पर हैं। नक्सलियों के कारण आज तक पुल नहीं बन पा रहे, जिससे ऐसी स्थिति नहीं बन पा रही है।



### आंदोलन के चलते नहीं बन पा रहा पुल

परलकोट इलाके के कई गांव के लोग पुल स्वीकृत होने के बाद नहीं बनाने को लेकर आंदोलन करते है। फिर बारिश के समय ऐसी परिस्थितियों से ग्रामीणों को गुजरना पड़ता है। इस इलाके का बेचाघाट पुल स्वीकृत होने के बाद ग्रामीणों के आंदोलन करने के चलते नहीं बन पाया।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज से



## नड्डा के साथ मैनपाट में रहेगी पूरी साय सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सोमवार से तीन दिन पूरी विष्णुदेव साय सरकार मैनपाट में होगी। 7 जुलाई से 9 जुलाई तक वहां चलने वाले प्रशिक्षण में सरकार के साथ साथ सांसद भी ट्रेनिंग लेंगे। एक दिन जिला पंचायत के ▶▶|शेष पेज 5 पर

### मुख्यमंत्री साय ट्रेन से रवाना

मैनपाट के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रात्रि 9 बजे अंबिकापुर जाने वाली ट्रेन से रवाना हुए। ▶▶|शेष पेज 5 पर

## विजिबिलिटी कम, अतिथियों के विमानों की लैंडिंग पर भी संशय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

मैनपाट में होने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन सोमवार से होने वाला है। इस प्रशिक्षण वर्ग को लेकर तैयारियां अब पूर्णता की ओर है लेकिन इस बीच मानसून की सक्रियता के कारण घने बादलों ने चिंता बढ़ा दी है। कम ऊंचाई वाले घने बादलों के कारण दृश्यता कम हो गई है जिससे विमानों का परिचालन मुश्किल हो गया है। सरगुजा में शुरू की गई हवाई सेवा भी इन्ही कारणों से बंद है, सेना का विमान अम्बिकापुर आकर लैंड नहीं कर सका । ▶▶|शेष पेज 5 पर

खराब मौसम का पड़ सकता है असर



### दृश्यता घटकर पहुंची 3-4 किमी के बीच

मौसम विभाग के अनुसार आसमान में घने और कम ऊंचाई वाले बादल भी मौजूद है। यही वजह है कि दृश्यता में कमी आई है। वर्तमान में विजिबिलिटी 3 से 4 किलोमीटर के बीच ही रह गई है जबकि विमानों को लैंड करने के लिए न्यूनतम 5 किमी की दृश्यता तो चाहिए ही। इससे कम दृश्यता में विमान को उतारना मुश्किल होगा। सुरक्षा की दृष्टि से भी यह खतरनाक होगा। मौसम विभाग का कहना है कि यह स्थिति अगले 9 जुलाई तक बने रहने की संभावना है। लगातार कम ऊंचाई वाले बादलों के कारण फुहार गिर रही है ऐसे में दृश्यता और भी घट जाती है।

### हम अपनी ओर से तैयार

*हम अपनी ओर से पूरी तरह से तैयार हैं और एयरपोर्ट पर भी सभी तैयारियां पूर्ण है। परिस्थितियां और मौसम अनुकूल रहे तो फ्लाइट जरुर लैंड करेंगे।*
*-सुशील श्रीवास्तव, डायरेक्टर मां महामाया एयरपोर्ट*

## कांग्रेस दिखाएगी आज ताकत, खड़गे की आमसभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कांग्रेस का भी राजधानी में सोमवार को बड़ा शो हो रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की यहां आमसभा होगी, जिसमें हजारों की भीड़ आने का दावा किया गया है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों-नेताओं को जिम्मा दिया गया है। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान पर सोमवार को होने वाली किसान, जवान और संविधान जनसभा को संबोधित करने कांग्रेस के ▶▶|शेष पेज 5 पर



सावन आने से पहले मानसूनी बादलों ने कई इलाकों में कहर बरपा दिया है। मूसलाधार बारिश से राज्य के सूरजपुर इलाके में नदी-नालों को उग्र कर दिया है। झींक नदी में दो लोगों के डूबने की सूचना पर रेस्क्यू टीम ने मशक्कत की। अंबिकापुर, बिलासपुर, रायपुर समेत तकरीबन सभी इलाकों में बादल जमकर बरसे। कई इलाकों में जलभराव की वजह से गांवों का मुख्यालय से संपर्क टूट गया है।

## सियासत पर आफत

### छग के उत्तर और दक्षिणी हिस्से में भारी वर्षा, रायपुर में भी बरसे बादल



# सरगुजा इलाके में नदियां छलकीं, नाले ऊफान पर कई गांव टापू बने, अभी भी भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंबिकापुर में सबसे अधिक 175 मिमी. बारिश हुई है, इसके अलावा बिलासपुर समेत कई शहरों में भारी वर्षा रिकार्ड हुआ है। रायपुर में दिनभर रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा है। मौसम विभाग द्वारा सोमवार के लिए भी आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मानसून द्रोणिका के सामान्य स्थिति में आने के बाद प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से वर्षा की गतिविधि बढ़ गई है और पिछले 24 घंटे से यह प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर अपना असर दिखा रहा है। शनि-रवि की दरम्यानी रात वर्षा का प्रभाव सरगुजा और बिलासपुर संभाग में नजर आया।

अंबिकापुर में सुबह तक झमाझम बारिश हुई और आंकड़ा 172 मिमी. तक पहुंच गया था इसके बाद रविवार को दिनभर बरसात का दौर चलता रहा और शाम तक ढाई सेमी.वर्षा हो गई। बिलासपुर भी वर्षा के मामले में पीछे नहीं रहा रात में 77 मिमी. बारिश हुई इसके अलावा अर्जुंदा में 110 मिमी. गंगालूर में 100, बास्तानार, गुरुर, गुंडरदेही, धमतरी में 70 मिमी., बेलरगांव, तोकपाल में 60 मिमी. तक बारिश हुई है। राजधानी में तड़के शुरु हुई बारिश का दौर दिनभर हल्की से मध्यम वर्षा के रूप में दिनभर चलता रहा है।

मौसम विभाग के पास प्रदेश में 250 स्टेशन मौजूद हैं, जिनमें से 248 स्थानों पर बारिश रिकार्ड किया गया। अगले चौबीस घंटे को लेकर प्रदेश के उत्तरी हिस्से में भारी बारिश का अनुमान है, वहीं अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने का अलर्ट जारी किया गया है।

अम्बिकापुर



उफनती झींक नदी को पार करते 60 वर्षीय वृद्ध मोहन सोरी तेज बहाव में बह गए। तलाशी अभियान चलाया, लेकिन देर शाम तक कोई सफलता नहीं मिली।

### झींक नदी को पार कर रहा वृद्ध बहा

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर जिले में पिछले एक सप्ताह से रुक-रुककर हो रही मूसलाधार बारिश से जहां नदी-नाले उफान पर है। रामानुजनगर क्षेत्र के मोहनपुर आमाझरिया गांव से एक घटना सामने आई है, जहां उफनती झींक नदी को पार करने की कोशिश में दो दिन पहले 60 वर्षीय वृद्ध मोहन सोरी तेज बहाव में बह गए। उसका साथी श्यामपुर के बांसपारा निवासी एक अन्य वृद्ध ने झाड़ी का सहारा लेकर अपनी जान बचा ली, लेकिन मोहन सोरी का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीम शनिवार को घटनास्थल पर पहुंची और 200 मीटर के दायरे में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन देर शाम तक कोई सफलता नहीं मिली। अंधेरा होने के कारण खोजबीन रोक दी गई।

### आफत की बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, 24 घंटे में 196 मिमी वर्षा दर्ज

**अंबिकापुर।** मानसून की सक्रियता से क्षेत्र में हुई आफत की बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पिछले 24 घंटे के अंदर सिर्फ अंबिकापुर में 196 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है जिससे आस पास के नदी नाले उफान हैं। शहर की कालोनियों में पानी भर गया है। मानसून की सक्रियता से सरगुजा संभाग में घने बादल छाए हुए है और बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले दो सप्ताह से क्षेत्र में हो रही बारिश से नदी नाले लबालब हो चुके है। इस बीच शनिवार की रात 8.30 से शहर सहित जिले भर में जमकर बारिश हुई। तेज और मूसलाधार बारिश का सिलसिला रात से शुरू होकर रविवार की सुबह तक जारी रहा। इस दौरान सिर्फ अंबिकापुर क्षेत्र में ही 172.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई जबकि रविवार की ▶▶|शेष पेज 5 पर




### खेत से लौट रही वृद्धा की गाज से मौत, दो बच्चियां गंभीर

*जशपुरनगर।* *रविवार दोपहर बगीचा थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में आकाशीय बिजली गिरने से एक वृद्धा की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो बच्चियां बुरी तरह झुलस गईं। हादसे के वक्त क्षेत्र में तेज गरज-चमक और बारिश हो रही थी। दोनों घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा में चल रहा है, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई है। ग्राम पंचायत बाम्बा की रहने वाली मीरा बाई पति छत्तर साय, उम्र लगभग 60 वर्ष, जाति कंवर, रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे खेत से अपने घर लौट रही थीं। तभी अचानक तेज आवाज के साथ बिजली गिरी और वह उसकी चपेट में आ गईं। ग्रामीणों ने बताया कि मीरा बाई अक्सर दोपहर में खेत देखने जाती थीं। रविवार को भी बारिश शुरू होने से पहले वह घर के लिए निकलीं, लेकिन रास्ते में ही यह हादसा हो गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। इसी समय* ▶▶|शेष पेज 5 पर



सुबह हुई जमकर बारिश

### 24 घंटे में बरसा 11 सेमी पानी, शहर गांव सराबोर



*बिलासपुर। मानसून की सक्रियता ने इस सीजन में पहली बार अपना असर दिखाया, बिलासपुर जिले में पिछले 24 घंटे में जमकर बारिश हुई, जिससे जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। रविवार की सुबह 5 बजे से 8 बजे तक 77.5 मिलीमीटर बारिश हुई, इससे शहरी और ग्रामीण इलाकों की बस्तियों में पानी भर गया। सुबह 8 बजे के बाद भी आसमान पर घने बादल छाए रहे और रह रहकर कभी धीमी तो कभी तेज वर्षा होती ही रही। सुबह 8 बजे के बाद शाम 5 बजे तक 26.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। 24 घंटे में 10.39 सेंटीमीटर बारिश होने से जिले के नदी नाले उछाल पर आ गए हैं। लगातार बारिश होने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है, हालांकि अब तक कहीं जनधन हानि के समाचार नहीं हैं। रायगढ़ क्षेत्र के अलावा कुछ* ▶▶|शेष पेज 5 पर


## एजबेस्टन में भारत ने रचा इतिहास इंग्लैंड को उसी के घर में हराया



एजेंसी:बर्मिंघम

भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 का दूसरा मुकाबला बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला गया। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने 336 रनों से जीत हासिल की। मुकाबले में इंग्लैंड को जीत के लिए 608 रनों का टारगेट मिला था, जिसका पीछा करते हुए उसकी पूरी टीम पांचवें दिन के दूसरे सेशन में 271 रनों पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की दूसरी पारी में आकाश दीप ने 6 विकेट झटके। शुभमन गिल की कप्तान में ये भारत की पहली जीत रही। शुभमन ने इस मैच में 269 और 161 रन बनाए थे। इस जीत के साथ ही भारत ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली है। सीरीज का तीसरा मुकाबला 10 जुलाई से लॉड्र्स में खेला जाएगा। भारत ने पहली बार बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर टेस्ट जीत हासिल की है। इससे पहले जो उसने इस मैदान पर 8 टेस्ट मैच खेले थे।

दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 336 रन से हराया › आकाशदीप 10 विकेट › गिल 430 रन



### तीसरा टेस्ट लॉड्र्स में 10 जुलाई से

सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। यहां भारत ने अब तक 19 टेस्ट खेले हैं और 3 में जीत हासिल की है। 12 में हार मिली है और 4 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

### सबसे बड़ी टेस्ट जीत

भारतीय टीम ने इस मैदान पर पहला टेस्ट जुलाई 1967 में खेला था, जिसमें उसे 132 रनों से पराजय का मुंह देखना पड़ा था। अब भारत ने 58 साल का सूखा खत्म किया है। भारत की विदेशी जमीन पर ये रनों के लिहाज से सबसे बड़ी टेस्ट जीत भी रही। इससे पहले 2019 में एंटीगा टेस्ट में भारत ने वेस्टइंडीज को 318 रनों से हराया था।

## राम मंदिर में होगा ध्वजारोहण आएंगे हजारों विशेष मेहमान

प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में होगा समारोह

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की ऐतिहासिक गूंज अभी भी जनमानस में ताजा है। राम मंदिर ट्रस्ट अब एक और भव्य अध्याय जोड़ने जा रहा है। नवंबर में प्रस्तावित ध्वजारोहण समारोह को लेकर तैयारियों ने गति पकड़ ली है। इस पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन एक बार फिर अयोध्या को



भक्तिभाव, वैदिक अनुष्ठानों और विश्व भर से जुटने वाले श्रद्धालुओं से सराबोर कर देगा।

ध्वजारोहण समारोह को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तर्ज पर ही भव्यता प्रदान की जाएगी।

### 161 फीट ऊंचे शिखर पर होगा ध्वजारोहण

राम मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर रामध्वज फहराया जाएगा। इसके अलावा परिसर के अन्य सभी मंदिरों के शिखर पर ध्वज फहराया जाएगा। रामध्वज का आरोहण केवल एक प्रतीकात्मक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम की विजय और धर्म की प्रतिष्ठा का उद्घोष होगा। यह आयोजन मंदिर निर्माण की पूर्णता की ओर बढ़ते कदम का संकेत भी माना जा रहा है।

## नेटग्रिड बढ़ाएगा पुलिस की ताकत अपराधियों पर कसेगा शिकंजा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ खुफिया सेवाओं और जांच के लिए वास्तविक समय की जानकारी साझा करने वाले 'नैटग्रिड' ने सभी राज्य पुलिस बलों से उसके साथ संपर्क बढ़ाने, अपराध नियंत्रण तथा आपराधिक गतिविधियों की जांच के लिए उसके डेटाबेस का सक्रिय रूप से इस्तेमाल करने को कहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के सीधे ▶▶|शेष पेज 5 पर

पुलिस प्रमुखों को लिखा पत्र




### 26/11 आतंकवादी हमलों के बाद नैटग्रिड

मुंबई के 26/11 आतंकवादी हमलों के बाद नैटग्रिड की परिकल्पना की गई। यह अन्य एजेंसियों के अलावा खुफिया ब्यूरो, रिसर्च एंड एनलिसिस (रॉ), सीबीआई, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी), राजस्व आसूचना निदेशालय और प्रवर्तन निदेशालय को सूचना साझा करता है।


### पेरेग्रीन फाल्कन, रफ्तार और शिकार का बेजोड़ संगम

## पेरेग्रीन फाल्कन उदंती सीतानदी रिजर्व में दिखा, ड्रोन पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में एक दुर्लभ पेरेग्रीन फाल्कन पक्षी देखा गया है, जिसने जलप्रपात का वीडियो शूट कर रहे एक ड्रोन कैमरे पर हमला कर दिया। यह घटना तब हुई जब उपनिदेशक वरुण जैन के प्रयासों से शेष पगार झरने की खूबसूरती को ड्रोन में कैद किया जा रहा था। पेरेग्रीन फाल्कन को दुनिया का सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी माना जाता है, जिसकी रफ्तार 320 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इसकी अविश्वसनीय गति इसे बर्ड ऑफ प्रे की उपाधि दिलाती है। यह पक्षी अपनी शिकार करने की क्षमता के लिए जाना जाता है और पलक झपकते ही शिकार का काम तमाम कर देता है। यह मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका में पाए जाते हैं, लेकिन कभी-कभार भारत में भी दिखाई देते हैं।



### शेष पगार झरना और समृद्ध जैव विविधता

यह दुर्लभ पक्षी उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कुल्हाड़ीघाट रेंज में स्थित शेष पगार झरने के पास देखा गया। छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही बारिश के कारण यह झरना अपनी पूरी भव्यता पर है, और इसकी दूधिया धाराएं दूर-दूर तक सुनाई देती हैं। उदंती-सीतानदी अभ्यारण्य, जो गरियाबंद और धमतरी जिलों में फैला हुआ है, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और दुर्लभ वन्यजीवों के लिए जाना जाता है। उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि शेष पगार झरना और इस क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता पर्यटकों और शोधकर्ताओं दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

### दुनिया का सबसे तेज पक्षी

पेरेग्रीन फाल्कन केवल पेरेग्रीन के नाम से भी जाना जाता है। फाल्कनिडे परिवार का एक शिकार करने वाला पक्षी (रैप्टर) है, जो अपनी गति के लिए प्रसिद्ध है। पेरेग्रीन फाल्कन अपनी तेज गति से हमला करने के लिए जाना जाता है। हवा हो या जमीन... इसके हमला करने की गति औसतन 320 किमी प्रति घंटा रहती है। लेकिन नेशनल जियोग्राफिक टीवी प्रोग्राम के मुताबिक इसकी अधिकतम गति 390 किलोमीटर प्रतिघंटा भी दर्ज की गई है। यह पक्षियों को खाने वाला पेरेग्रिन बाज है। यह कौवे के आकार का होता है। इसके शरीर का सामने वाला हिस्सा सफेद लेकिन पिछला हिस्सा नीले और ग्रे रंग का होता है, जबकि सिर काले रंग का होता है।

# शादीशुदा ही नहीं वयस्क लड़कियां भी पैदा कर सकती हैं बच्चे, सरकार दे रही पैसा

## जन्मदर के गिरते स्तर और जनसंख्या बढ़ाने के लिए रूस सरकार की योजना

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस में तेजी से घटती जनसंख्या को लेकर सरकार की चिंता बढ़ गई है। इसी के चलते रूस ने एक नई और विवादास्पद नीति लागू की है, जिसके तहत स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली वयस्क लड़कियों को बच्चे को जन्म देने और उसका पालन-पोषण करने के लिए आर्थिक मदद दी जा रही है। जन्मदर के गिरते स्तर और जनसंख्या बढ़ाने के लिए रूस लड़कियों को बच्चे पैदा करने के लिए एक लाख रूबल (करीब 1 लाख 9 हजार रुपये) से ज्यादा की मदद दे रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकार लड़कियों को ये मदद जन्म देने और पालन-पोषण के लिए दी जा रही है। इसका मकसद देश में कम होती जनसंख्या और बढ़ती उम्र के लोगों की समस्या को दूर करना है।

**रूस के 10 हिस्सों में शुरू हो गई योजना**

यह योजना मार्च 2025 में रूस के 10 हिस्सों में शुरू हुई है। हालांकि पहले यह केवल बालिग युवतियों, महिलाओं के लिए थी लेकिन अब इसमें नाबालिग लड़कियों को भी शामिल कर लिया गया है, ताकि वे भी बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित हों। फिलहाल यह स्कीम केवल वयस्क लड़कियों (18 साल से ऊपर) पर ही लागू की जा रही है।

### यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण

इसके पीछे एक बड़ा कारण यूक्रेन जंग भी माना जा रहा है क्योंकि युद्ध में अब तक करीब 2.5 लाख रूसी सैनिक मारे जा चुके हैं। इसके अलावा युद्ध की वजह से रूस के सैकड़ों हजारों पढ़े-लिखे लोग देश छोड़कर भाग गए हैं। सर्वे के मुताबिक 43% लोग इस नीति के पक्ष में हैं, जबकि 40% इसका विरोध कर रहे हैं।



### 'प्रोनेटालिज्म' नीति के तहत मिल रहा प्रोत्साहन

रूस सरकार 'प्रोनेटालिज्म' नीति पर काम कर रही है, जिसका मकसद जन्म दर को बढ़ावा देना है। इसके तहत मातृत्व लाभ और बच्चों के जन्म पर नकद भुगतान जैसे आर्थिक प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। साल 2023 में रूस में प्रति महिला औसतन 1.41 बच्चे पैदा हो रहे थे, जबकि जनसंख्या को स्थिर बनाए रखने के लिए यह दर कम से कम 2.05 होनी चाहिए। यह गिरावट सरकार के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है।

### किस देश में बच्चे पैदा करने पर प्रोत्साहन

- 0.55 फीसदी ही जन्मदर है दक्षिण कोरिया में, यहां के युवा शादी नहीं करना चाहते।
- 1.28 है चीन में जन्मदर, सरकार दे रही कई सुविधाएं
- 1.26 है जापान में जन्मदर, सरकार कई योजनाएं लाई
- 20 देश जहां सबसे कम जन्मदर है, स्विट्जरलैंड पहले स्थान पर है

### इन देशों में भी सुविधाएं

- 03 से ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले परिवारों को हंगरी में टैक्स छूट और कम ब्याज पर मिलता है ऋण
- 02 से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को हर बच्चे के लिए हर महीने 11 हजार रुपए पोलैंड में मिलते हैं
- 01 लाख नकद मिलते हैं प्रत्येक बच्चे के जन्म पर इटली में

---

## खबर संक्षेप

### उपराज्यपाल सिन्हा मुहर्रम के जुलूस में शामिल हुए



**श्रीनगर।** पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की याद में रविवार को आशूरा के मौके पर शिया समुदाय के हजारों लोगों ने मातम मनाया और शहर में जुलूस निकाला, जिसमें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी शामिल हुये। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा लाल बाजार इलाके में बोटा कादल से जुलूस निकलने के पहले वहां पहुंचे और मातम मनाने वालों के बीच पानी की बोतलें वितरित कीं।

### ठाकरे बंधुओं की एकता देख महायुति के नेता परेशान

**मुंबई।** राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे और शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे के एक साथ आने से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित सत्तारूढ़ 'महायुति' के नेता घबरा गए हैं।



राउत ने यहां संवाददाताओं से कहा कि ठाकरे बंधुओं ने शनिवार को भाजपा नीत सरकार द्वारा हिंदी भाषा संबंधी सरकारी आदेश वापस लिए जाने का जश्न मनाने के लिए 'विजय' रैली आयोजित की जिससे महायुति के नेता असमंजस में हैं।

### एक करोड़ की अवैध शराब जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार

**चंदौली।** चंदौली जिले के अलीनगर थानाक्षेत्र में पुलिस और विशेष अभियान समूह की साझा टीम ने तस्करी के जरिए 100 बोरी वॉल पुट्टी के नीचे 720 पेटियों में 6399 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब पंजाब से बिहार ले जायी जा रही थी जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। जिसकी कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक आंकी गयी है। ट्रक चालक सुखदेव सिंह पंजाब के तरनतारन जिले के चंबा खुर्द खादुर ग्राम का निवासी है जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



---

फ्रांसीसी खुफिया रिपोर्ट ने खोली पोल, ऑपरेशन सिंदूर में पाक को दिए उसके हथियार पड़े कमजोर

# चीन की साजिश फिर बेनकाब, राफेल की बिक्री घटवाने फैलाया मार गिराने का झूठ

एजेंसी ▶▶ पेरिस

भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने एक और बेहद गंदा खेल खेला जिससे वह बेनकाब हो गया। फ्रांसीसी खुफिया रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि भारत-पाक युद्ध के दौरान चीन ने कई देशों में अपने दूतावासों का इस्तेमाल करके राफेल लड़ाकू विमानों की बिक्री कमजोर करवाने के लिए बड़ा झूठ फैलाया। इस दौरान चीन ने फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमानों को खरीदने का सौदा कर चुके या इच्छुक देशों को दूतावासों के जरिये पाक के साथ युद्ध में भारत के राफेल विमानों के नुकसान होने का झूठ फैलाया। ऐसा झूठ फैलाने के पीछे चीन का मकसद अपने लड़ाकू विमानों को दूसरे देशों को खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना था। एसोसिएटेड प्रेस द्वारा देखी गई फ्रांसीसी खुफिया रिपोर्ट के अनुसार चीन के विदेशी दूतावासों में रक्षा मामलों से जुड़े अधिकारियों ने राफेल की बिक्री को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। इसमें इंडोनेशिया भी शामिल है, जिसने पहले ही राफेल का ऑर्डर दे रखा है। इसके साथ ही बीजिंग ने अन्य संभावित ग्राहकों को भी चीन के हथियारों की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया।



### पाकिस्तान से भी करवाया झूठा दावा

अपने लड़ाकू विमानों की बिक्री बढ़ाने और राफेल फाइटर जेट की बिक्री घटाने के लिए चीन ने पाकिस्तान से भी झूठा दावा करवाया। इसके बाद पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने लड़ाई में पांच भारतीय विमान गिराए थे, जिनमें तीन राफेल शामिल थे। फ्रांसीसी अधिकारियों ने बताया है कि इन झूठे दावों से राफेल खरीद चुके देशों में इसके प्रदर्शन को लेकर सवाल उठे।

### एआई इमेज से बनाईं फर्जी तस्वीरें

फ्रांसीसी अधिकारियों का मानना है कि पाकिस्तान और चीन ने मिलकर सोशल मीडिया पर एक संगठित डिसइंफॉर्मेशन अभियान चलाया। इसमें राफेल के कथित मलबे की फर्जी तस्वीरें, एआई-निर्मित वीडियो और वीडियो गेम के दृश्यों का इस्तेमाल किया गया। फ्रांसीसी अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि संघर्ष के दौरान 1,000 से अधिक नए सोशल मीडिया अकाउंट बनाए गए, जिन्होंने चीनी तकनीक को श्रेष्ठ दिखाने की कोशिश की।

### बीजिंग ने रिपोर्ट को किया खारिज

इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद बीजिंग के रक्षा मंत्रालय ने इस आरोप को निराधार अफवाह और बदनामी करार दिया और कहा कि चीन सैन्य निर्यात में हमेशा जिम्मेदार और सतर्क रवैया अपनाता है। वहीं फ्रांसीसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि राफेल को जानबूझकर निशाना बनाया गया क्योंकि यह न केवल एक उच्च प्रदर्शन वाला विमान है, बल्कि यह फ्रांस की रणनीतिक स्वायत्तता, औद्योगिक विश्वसनीयता और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी का प्रतीक भी है।

### किन देशों को फ्रांस ने दिए हैं राफेल

अब तक फ्रांस की कंपनी ने 533 राफेल फाइटर जेट बेचे हैं। इनमें से 323 का निर्यात मिस्र, भारत, कतर, ग्रीस, क्रोएशिया, यूएई, सर्बिया और इंडोनेशिया को किया गया है। वहीं इंडोनेशिया ने 42 विमान ऑर्डर किए हैं और भी खरीदने पर विचार कर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार यह प्रयास चीन की रणनीति का हिस्सा हो सकता है, जो एशियाई देशों के साथ फ्रांस के मजबूत होते रक्षा संबंधों को कमजोर करना चाहता है।

**फ्रांस ने जारी की खुफिया रिपोर्ट**

*फ्रांसीसी खुफिया अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला है कि चीन ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए टकराव में राफेल विमानों की भूमिका देखने के बाद उनके प्रदर्शन पर संदेह फैलाने चीनी दूतावासों के रक्षा अधिकारियों ने अन्य देशों के रक्षा अधिकारियों के साथ बैठकों में यह प्रचार किया कि राफेल प्रदर्शन में कमजोर है और चीनी विमानों को तरजीह दी जानी चाहिए।*

---

बिहार : चुनाव आयोग ने वोटरों को दी सहूलियत

# बिना दस्तावेज के जमा करा सकेंगे अपना गणना आवेदन

बिहार के नए CEO



### 3 करोड़ मतदाताओं को मिलेगी राहत

गणना फॉर्म प्राप्त कर बीएलओ तत्काल उसे ऑनलाइन अपलोड कराएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य के 2003 के मतदाता सूची में अंकित कुल 7.90 करोड़ मतदाताओं में 4.96 करोड़ को पहले से ही कोई भी दस्तावेज देने की बाध्यता नहीं है। शेष करीब 3 करोड़ मतदाताओं से ही दावा-आपत्ति के दौरान विशेष सर्वेक्षण अभियान चलाकर दस्तावेज लेने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बिना दस्तावेज के भी गणना फॉर्म जमा हो सकेगा। ऐसा करने वाले मतदाताओं का नाम भी मतदाता सूची के प्रारूप (ड्रॉफ्ट रोल) में शामिल कर लिया जाएगा। हालांकि, सत्यापन के दौरान जरूरी दस्तावेज बीएलओ के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। 26 जुलाई तक ऑनलाइन या ऑफलाइन ये गणना फॉर्म हर हाल में मतदाताओं को भरकर जमा करना अनिवार्य है। आयोग ने ताजा फैसले से मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को बड़ी राहत दी है। शनिवार को बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि मतदाता तत्काल केवल गणना फॉर्म ही भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल हो जाएगा।

### 4.96 करोड़ वोटर सत्यापित

गणना फॉर्म प्राप्त कर बीएलओ तत्काल उसे ऑनलाइन अपलोड कराएंगे। अब राज्य के 2003 के मतदाता सूची में अंकित कुल 7.90 करोड़ मतदाताओं में 4.96 करोड़ को पहले से ही कोई दस्तावेज देने की बाध्यता नहीं है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं महुआ

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ अब तृणमूल कांग्रेस की नेता और सांसद महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। मोइत्रा ने भारत निर्वाचन आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। मोइत्रा ने अपनी याचिका में कहा कि वह निर्वाचन आयोग के 24 जून के उस आदेश को रद्द करने का अनुरोध करती हैं।



---

**इजरायली आर्मी की ताबड़तोड़ कार्रवाई**

# गाजा में 130 ठिकानों पर बमबारी 38 की मौत, कई लोग हुए घायल

एजेंसी ▶▶ गाजा पट्टी

इजरायल के भीषण हवाई हमलों में गाजा में कम से कम 38 फिलिस्तीनी लोगों की मौत हुई। इजरायली सेना की ओर से जारी बयान में कहा कि उसने शनिवार और रविवार को गाजा के शहरों में करीब 130 ठिकानों पर हमला किया है। इजरायल की ओर से गाजा पर यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्धविराम प्रयासों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से व्हाइट हाउस में वार्ता के लिए वॉशिंगटन जाने की तैयारी कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 60 दिन के युद्धविराम की योजना पेश की है।



### रिहायशी इमारतों को बनाया निशाना

गाजा शहर में सेवा प्रदान करने वाले शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेलमिया के अनुसार, इजरायली हमलों में गाजा शहर के दो मकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 20 लोग मारे गए और 25 घायल हो गए। दक्षिणी गाजा में मुवासी में हुए हमलों में 13 फलस्तीनी मारे गए। मुवासी गाजा के भूमध्य सागर पर स्थित एक क्षेत्र है, जहां कई विस्थापित लोग तंबुओं में रहते हैं।

### हमास के कमांड सेंटर को बनाया निशाना

इजरायली सेना ने हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि उसने हमास के कमांड और नियंत्रण केंद्रों, हथियार भंडारण स्थलों और सैन्य ठिकानों को लक्ष्य बनाया। उत्तरी गाजा में कई आतंकवादियों को मार गिराया गया। हालांकि, नागरिक हताहतों की संख्या को लेकर सेना ने कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की है। स्थिति गंभीर बनी हुई है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें अब वाशिंगटन में संभावित युद्धविराम वार्ता पर टिकी हैं।

### मुहर्रम के दौरान करंट लगने से एक की मौत, तीन घायल

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले में रविवार को मुहर्रम जुलूस की तैयारी के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आने से कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि यह घटना राज्य की राजधानी रांची से लगभग 200 किलोमीटर दूर घोड़थंभा पुलिस चौकी के अंतर्गत चाकोसिंघा इलाके में सुबह करीब 11:30 बजे हुयी। जब ताजिया का ऊपरी हिस्सा बिजली के तार के संपर्क में आ गया। उन्होंने कहा, कुछ लोग ताजिया रख रहे थे तभी यह हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि घायलों को गिरिडीह के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

**एलन मस्क ने बनाई खुद की पार्टी**

# अमेरिका को 2 पार्टियों से मिलेगी आजादी

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने अमेरिका में अपनी नई राजनीतिक पार्टी बनाने का ऐलान किया है। इसका नाम 'अमेरिका पार्टी' रखा गया है। मस्क ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, आज अमेरिका पार्टी का गठन किया जा रहा है, ताकि आपको आपकी आजादी वापस मिल सके। ये पार्टी लोगों को टू-पार्टी सिस्टम से मुक्ति दिलाएगी। इससे पहले मस्क ने एक पोल में लोगों से पार्टी को लेकर राय मांगी थी।



### 65 प्रतिशत लोग बोले- दो पार्टी सिस्टम से आजादी चाहिए

मस्क ने कहा कि उन्होंने 'अमेरिका पार्टी' की स्थापना की है और यह अमेरिका की द्विपक्षीय राजनीतिक पार्टी रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक को चुनौती पेश करेगी। मस्क ने 4 जुलाई को अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस पर एक पोल में लोगों से पूछा था, 'क्या आप दो पार्टी वाले सिस्टम से आजादी चाहते हैं? क्या हमें अमेरिका पार्टी बनानी चाहिए?' इस पर 65.4 प्रतिशत लोगों ने हां और 34.6 प्रतिशत ने नहीं में जवाब दिया था।

### 'बिग ब्यूटीफुल विधेयक' के बाद ऐलान

*मस्क ने ऐलान किया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का महत्वाकांक्षी 'बिग ब्यूटीफुल विधेयक' अगर संसद से पारित हो गया तो वे नई पार्टी बनाएंगे। ये विधेयक पारित हो गया है और इस पर ट्रंप ने हस्ताक्षर भी कर दिए हैं। मस्क शुरू से ही इस विधेयक के विरोध में रहे हैं। उनका कहना है कि इससे सरकारी खर्च और घाटा बढ़ेगा।*

---

नितिन गडकरी का विजन, भारत के परिवहन भविष्य पर महत्वाकांक्षी रोडमैप पेश किया

# ट्रांसपोर्ट सिस्टम में आएगी क्रांति, इथेनॉल से चलेंगी गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भारत के परिवहन भविष्य पर महत्वाकांक्षी रोडमैप पेश किया है। इस विजन के तहत देशभर में इलेक्ट्रिक रैपिड ट्रांजिट सिस्टम, हाइपरलूप, रोपवे, केबल बसें और फनिक्युलर रेलवे जैसे आधुनिक परिवहन विकल्प शुरू किए जाएंगे। मीडिया को दिए विशेष साक्षात्कार में नितिन गडकरी ने कहा कि भारत का ट्रांसपोर्ट सेक्टर एक ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुजर रहा है और अगली पीढ़ी के समाधान इसमें क्रांति लाएंगे।

### शहरों से पहाड़ों तक बदलेगा ट्रांसपोर्ट सिस्टम

गडकरी ने बताया कि शहरों में ट्रैफिक जाम और प्रदूषण की समस्या को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक मास रैपिड ट्रांसपोर्ट नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। जबकि, दुर्गम क्षेत्रों में आवाजाही के लिए रोपवे, केबल-बस और फनिक्युलर रेल की शुरुआत की जाएगी। शहरी इलाकों के लिए हम रैपिड, इलेक्ट्रिक और सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट का नया मॉडल ला रहे हैं, जबकि दुर्गम इलाकों में सुरक्षित और तेज आवाजाही के लिए वैकल्पिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर काम कर रहे हैं।



### फ्लेक्स फ्यूल इंजन और ग्रीन टेक्नोलॉजी

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने खुलासा किया कि देश के 11 प्रमुख वाहन निर्माता जल्द ही फ्लेक्स-फ्यूल इंजन वाली गाड़ियां लॉन्च करेंगे। जिन्हें इथेनॉल और पेट्रोल दोनों से चला सकेंगे। इससे न सिर्फ ईंधन आयात पर निर्भरता कम होगी बल्कि, किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी।

### इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़ा फोकस

नितिन गडकरी ने बताया कि 25,000 किलोमीटर के दो-लेन राजमार्गों को फोरलेन में बदला जा रहा है। NHAI का लक्ष्य प्रतिदिन 100 किलोमीटर सड़क निर्माण करने का है। इससे देश का सड़क नेटवर्क तेजी से बढ़ेगा। नेशनल हाईवे नेटवर्क को मजबूत कर विकासशील और पिछड़े इलाकों को जोड़ने का प्रयास जारी है।

### हाइपरलूप तकनीक से बढ़ेगी स्पीड

नितिन गडकरी ने बताया कि हाइपरलूप तकनीक को भारत में शुरू करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। हाइपरलूप एक भविष्य की परिवहन तकनीक है, जो निर्वात ट्यूब में 1,000 किमी प्रति घंटा से ज्यादा की स्पीड पर यात्रियों को ले जाने में सक्षम होगी।

### ट्री बैंक और मोबाइल आधारित ड्राइविंग टेस्ट

*नितिन गडकरी ने ट्री बैंक की अवधारणा पर भी जोर दिया। कहा, इससे सड़क निर्माण के दौरान काटे गए पेड़ों की भरपाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही मोबाइल-आधारित ड्राइविंग टेस्ट सिस्टम से ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया और पारदर्शी तथा तकनीक-सक्षम होगी।*

---

# इजरायल से युद्ध के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर दिखे खामेनेई

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई इजरायल युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से दिखाई दिए हैं। उन्होंने तेहरान में आयोजित आशूरा के समारोह में हिस्सा लिया। बता दें कि शिया मुस्लिमों के लिए आशूरा का दिन बेहद अहम होता है। इस दौरान एक बड़े से हॉल में सैकड़ों लोगों के बीच पारंपरिक काले कपड़े पहने खामेनेई ने जैसे ही प्रवेश किया उन्हें देखते ही लोग नारे लगाने लगे। इजरायल से युद्ध के दौरान खामेनेई बंकर में थे। इजरायल द्वारा उनकी हत्या की धमकियों के बाद ये कदम उठाया गया था। इस दौरान उनका बाहरी दुनिया से संपर्क कट चुका था।



### तेहरान की एक मस्जिद में नजर आए खामेनेई

वीडियो में देखा जा सकता है कि खामेनेई काले कपड़ों में मंच पर बैठे हैं। उनके आते ही भीड़ हवा में मुट्ठी बांधकर नारे लगाती दिखी, 'हमारे खून की हर बूंद हमारे नेता के लिए है।' ईरान के सरकारी टीवी ने बताया कि यह कार्यक्रम तेहरान की इमाम खोमैनी मस्जिद में हुआ, जो इमाम हुसैन की शहादत की बरसी पर आयोजित किया गया। यह मस्जिद ईरान के इस्लामिक क्रांति के संस्थापक के नाम पर बनी है।

रायपुर
सोमवार, 7 जुलाई 2025
आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 23, अंक : 350
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 26.5
न्यून. 23.5

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


04 किसी सपने के सच होने जैसा

विचार पेज
02 हिंदी विरोध के जरिए राष्ट्रीय...




inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत




**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दंपति की मौत हो गई। लखनऊ गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र के गड़रिया पुरवा भरवारा गांव के रहने वाला छोटू (35) अपनी रीता (30) और चार वर्षीय ऑबच्चे को लेकर मोटरसाइकिल से देवा क्षेत्र में एक रिश्तेदार के यहां जा रहा था। चिनहट मार्ग पर जरूआ मोड़ के निकट एक डंपर ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दंपति की मौके पर मौत हो गई।

### मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार, विस्फोटक बरामद




**इंफाल।** मणिपुर के थौबल और इंफाल पश्चिम जिलों में प्रतिबंधित संगठन से जुड़ी एक महिला समेत दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी अभियान के दौरान हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। प्रतिबंधित प्रेपक की एक महिला सदस्य को शनिवार को थौबल के सलुंगफाम इलाके से पकड़ा गया।

### परिवार से ठगने के आरोप में फर्जी बाबा गिरफ्तार



**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक परिवार को 'बुरी आत्माओं' से मुक्ति दिलाने के नाम पर उससे 2.7 लाख रुपए नकद और सोने के आभूषणों की ठगी करने के आरोप में एक स्वयंभू बाबा को गिरफ्तार किया गया है। मीरा रोड स्थित काशीगांव की 45 वर्षीय महिला ने इस संबंध में एक जुलाई 2025 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

### दूषित शरबत से एक की मौत, 75 बीमार



**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के नानौता क्षेत्र में मुहर्रम के मौके पर कथित रूप से दूषित शरबत पीने और अन्य चीजें खाने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी तथा 75 से ज्यादा लोग बीमार हो गये। मृतक की पहचान नानौता थाना क्षेत्र के शेखजादगान मोहल्ले के निवासी शबी हैदर (60) के रूप में हुई है।

### महिला की जिंदा जलकर मौत



**देवरिया।** देवरिया जिले के सलेमपुर कस्बे में रविवार सुबह घर में आग लगने से एक महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सलेमपुर कस्बे के सलाहाबाद मोहल्ले में सुनीता (45) अपने बेटे-बहू और बेटी के साथ रहती थी। रविवार सुबह आग लगने से वह जिंदा जल गई और उसकी मृत्यु हो गई।

डेडलाइन खत्म होने से पहले अमेरिका से आई बड़ी खबर

# 100 देशों पर न्यूनतम 10 फीसदी 'ट्रंप टैरिफ', 1 अगस्त से होगा लागू

**खास बातें**

- 90 दिन की छूट 9 जुलाई को हो रही खत्म
- 12 देशों पर टैरिफ बम फोड़ने की तैयारी

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तमाम देशों को रेसिप्रोकल टैरिफ पर दी गई 90 दिन की छूट 9 जुलाई 2025 को खत्म होने वाली है। इस डेडलाइन के खत्म होने से पहले ही यूएस से बड़ी खबर आ गई है। अगले महीने की पहली तारीख यानी 1 अगस्त से दुनिया के करीब 100 देशों से आयात पर नया ट्रंप टैरिफ लागू होगा, जो 10 फीसदी का होगा।*



एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने इस कदम की पुष्टि की है। स्कॉट बेसेंट ने इसे ग्लोबल ट्रेड स्ट्रेटजी का व्यापक रीसेट करार देते हुए कहा है कि बेसलाइन टैरिफ व्यापक रूप से लागू होगा और यहां तक कि उन देशों पर भी, जो फिलहाल वाशिंगटन के साथ बातचीत के दौर में हैं। हालांकि, ब्लूमबर्ग को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि, हम देखेंगे कि राष्ट्रपति ट्रंप बातचीत करने वालों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहते हैं? मुझे लगता है कि हम लगभग 100 देशों को देखेंगे, जिनपर न्यूनतम 10% के पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे और हम यहीं से आगे बढ़ने वाले हैं।

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 12 देशों पर टैरिफ बम फोड़ने की तैयारी कर चुके हैं। इसका ऐलान सोमवार को होने की संभावना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप ने खुद बताया है कि उन्होंने करीब एक दर्जन देशों के लिए ट्रेड लेटर पर साइन किया है. लिस्ट में शामिल सभी देशों को ये लेटर 'स्वीकार करें या छोड़ दें 'अल्टीमेटम के साथ सप्ताह के पहले दिन भेज दिए जाएंगे। हालांकि, उन्होंने इस लिस्ट में शामिल किसी भी देश का नाम बताने से साफतौर पर इंकार कर दिया है।

### बाजार में तेजी रहेगी या गिरावट, तय होगा आज

भारतीय शेयर बाजार में 4 जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुनाफावसूली देखने को मिली। पिछले दो हफ्तों में करीब 4% की तेजी के बाद इस सप्ताह निफ्टी 0.7% गिरा, हालांकि लो वोलाटिलिटी इंडेक्स ने बाजार को सहारा दिया।

### भारत, जापान से यूई तक 12 देशों पर फैसला बाकी

न्यूजर्सी के रास्ते में एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने 12 देशों पर टैरिफ बम फोड़ने के संकेत दिए और इस लिस्ट में कथित तौर पर भारत, जापान और यूरोपीय यूनियन शामिल हो सकते हैं।

यहां बता दें कि बीते 2 अप्रैल को ट्रंप टैरिफ का ऐलान किया गया था और फिर बाद में तमाम देशों को इससे 90 दिन की छूट दी गई थी। इसकी डेडलाइन 9 जुलाई को खत्म होने जा रही।

### कहां अटकी है भारत-यूएस ट्रेड डील?

गौरतलब है कि ट्रंप ने भारत को 26% की टैरिफ कैटेगरी में रखा था और इस पर लगी अस्थायी रोक भी 9 जुलाई को खत्म हो रही है। ऐसे में अगर तब तक कोई भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर कोई अंतरिम समझौता नहीं होता है, तो टैरिफ से भारतीय निर्यात पर असर पड़ सकता है। भारत-यूएस ट्रेड डील लंबी चर्चा के बाद बिना किसी समझौते के भारतीय वार्ताकार वाशिंगटन से लौट आए हैं।

### ट्रंप टैरिफ का क्या होगा असर

**भारत और यूरोपीय संघ पर असर**

भारत के साथ व्यापार वार्ता अब तक सफल नहीं रही है, जिससे संभावना है कि भारत को भी उच्च शुल्क का सामना करना पड़ सकता है। यूरोपीय संघ के साथ भी समझौते में विफलता के कारण, वे वर्तमान व्यापार व्यवस्था को बढ़ाने का प्रयास कर सकते हैं, ताकि शुल्क वृद्धि से बचा जा सके।

**अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव होगा?**

इस कदम से वैश्विक व्यापार संबंधों में अनिश्चितता बढ़ गई है, जिससे वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव देखा जा सकता है। उपभोक्ताओं को बढ़े हुए शुल्क के कारण महंगाई का सामना करना पड़ सकता है, जबकि विकासशील देशों की निर्यात-निर्भर अर्थव्यवस्थाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**वैश्विक व्यापार नीति में एक महत्वपूर्ण मोड़**

बहरहाल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 12 देशों को भेजे गए टैरिफ पत्र वैश्विक व्यापार नीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ हैं। यह कदम व्यापार वार्ताओं में प्रगति न होने के कारण उठाया गया है, जिससे वैश्विक व्यापार संबंधों में अनिश्चितता और तनाव बढ़ सकता है।

# सरकारी अस्पतालों में 10 वर्ष का अनुभव, बन सकेंगे एसोसिएट प्रोफेसर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

- एनएमसी ने मेडिकल संकाय नियमों में ढील दी

राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद (एनएमसी) के नए नियमों के अनुसार सरकारी अस्पतालों में 10 वर्ष का अनुभव रखने वाले गैर-शिक्षण विशेषज्ञों या परामर्शदाताओं को अब एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया जा सकता है, जबकि दो वर्ष का अनुभव रखने वाले अनिवार्य 'सीनियर रेजिडेंसी' के बिना सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्य कर सकते हैं। एनएमसी के इस फैसले का उद्देश्य पात्र संकाय सदस्यों की संख्या बढ़ाना है। नए नियमों में यह प्रावधान भी है कि 220 से अधिक बिस्तरों वाले गैर-शिक्षण सरकारी अस्पतालों को अब शिक्षण संस्थान के रूप में नामित किया जा सकेगा। 2022 के पिछले नियमों के ▸▸शेष पेज 5 पर

### इसलिए लाया गया नियम

आयोग ने कहा कि एनएमसी के तहत पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड (पीजीएमईबी) द्वारा लाए गए इन नियमों का उद्देश्य पात्र संकाय सदस्यों की संख्या बढ़ाना और पूरे भारत में मेडिकल कॉलेजों में स्नातक (एमबीबीएस) और स्नातकोत्तर (एमडी/एमएस) सीटों के विस्तार की सुविधा प्रदान करना है।

### पांच वर्षों में 75,000 नई मेडिकल सीटें

भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहा है। केंद्र ने अगले पांच वर्षों में 75,000 नयी मेडिकल सीटें सृजित करने की घोषणा की है। आयोग ने कहा, हालांकि, एक महत्वपूर्ण बाधा चिकित्सा कार्यक्रमों को शुरू करने या विस्तार करने के लिए आवश्यक योग्य संकाय की उपलब्धता रही है। ये नए नियम सरकारी स्वास्थ्य प्रणालियों के अंदर मौजूदा मानव संसाधन क्षमता बढ़ाने और चिकित्सा शिक्षा के बुनियादी ढांचे को अनुकूलित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# मोदी ने कहा- पहलगाम आतंकी हमला पूरी मानवता पर आघात



एजेंसी ▸▸ ब्रासीलिया

- ब्रिक्स के मंच पर प्रधानमंत्री मोदी का आतंकवाद पर कड़ा संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक शांति और सुरक्षा पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वैश्विक शांति और सुरक्षा केवल एक आदर्श नहीं है, बल्कि यह हम सभी के साझा हितों और भविष्य की बुनियाद है। उन्होंने आतंकवाद की निंदा की और कहा कि यह मानवता के लिए सबसे गंभीर चुनौती है। पीएम मोदी ने हाल ही में भारत में हुए आतंकी हमले का उल्लेख किया और कहा कि यह हमला केवल भारत पर नहीं, बल्कि पूरी ▸▸शेष पेज 5 पर

### ब्रिक्स ने पहलगाम हमले की निंदा की

**ब्रिक्स घोषणा पत्र**

ब्रिक्स समूह ने रविवार को पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने का दृष्टिकोण अपनाने तथा इससे मुकाबला करने में दोहरे मापदंड त्यागने के भारत के रुख को दोहराया। ब्राजील के इस समुद्र तटीय शहर में समूह के दो-दिवसीय शिखर सम्मेलन के पहले दिन ब्रिक्स देशों के शीर्ष नेताओं ने आतंकवादियों की सीमा पार आवाजाही सहित आतंकवाद से निपटने में अपने दृढ़ दृष्टिकोण को स्पष्ट किया।

### कथनी और करनी में न हो अंतर

हमें आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और इसके पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू में नहीं तौलना चाहिए। निजी या राजनीतिक स्वार्थ के लिए आतंकवाद को बढ़ावा देना या उसका साथ देना किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। आतंकवाद को लेकर कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होना चाहिए।

### आतंकवाद की निंदा सिद्धांत होना चाहिए

आतंकवाद, आज मानवता के लिए सबसे गंभीर चुनौती बनकर खड़ा है। हाल ही में भारत ने एक अमानवीय और कायरतापूर्ण आतंकी हमले का सामना किया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला भारत की आत्मा, अस्मिता और गरिमा पर सीधा प्रहार था। इस दुख की घड़ी में, जो मित्र देश हमारे साथ खड़े रहे, जिन्होंने समर्थन और संवेदना व्यक्त की, मैं उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए केवल सुविधा नहीं।

# चीनी गिरोह से मिलकर 750 करोड़ की ठगी, धरा गया सीए

- साइबर फ्रॉड रैकेट का मास्टरमाइंड गिरफ्तार
- आरोपी 41 फर्जी कंपनियों का कर रहा था संचालन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड रैकेट के खिलाफ शिकंजा कस रही पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से इस मामले में मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया गया है। उत्तराखंड एसटीएफ ने आरोपी को दिल्ली पुलिस की मदद से पकड़ा। इस मामले में जांच एजेंसियों को 750 करोड़ रुपए के लेनदेन के सबूत मिले हैं। आईजीआई एयरपोर्ट से गिरफ्तार आरोपी अभिषेक अग्रवाल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया गया था। आरोपी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर ठगी का नेटवर्क चला रहा था। आरोपी अभिषेक अग्रवाल पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट है और उसे साइबर फ्रॉड गिरोह का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। आरोप है कि अभिषेक ने 41 फर्जी शेल कंपनियां बनाई। इनमें से 13 कंपनियां आरोपी के नाम पर हैं और 28 कंपनियों आरोपी की पत्नी के नाम पर है।

# 'सुना भेषा' अनुष्ठान, 208 किलो सोने के आभूषणों से भगवान जगन्नाथ को सजाया

एजेंसी ▸▸ पुरी



भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को रथों पर 'सुना भेषा' अनुष्ठान के दौरान 208 किलोग्राम सोने के आभूषणों से सजाया गया। 'सुना भेषा', पुरी में वार्षिक रथ यात्रा उत्सव का एक अभिन्न अंग है। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने बताया कि देवताओं का 'सुना भेषा' अनुष्ठान रविवार को हुआ। भक्तों ने शाम साढ़े छह बजे से रात 11 बजे तक अनुष्ठान देखा। मंदिर के सूत्रों के अनुसार, देवताओं को 30 अलग-अलग डिजाइन के आभूषण पहनाए गए हैं जिनमें सोना, हीरा, चांदी और अन्य कीमती धातुएं शामिल हैं।

### 15 लाख से अधिक श्रद्धालु

कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा, हमें 'सुना भेषा' के अवसर पर लगभग 15 लाख लोगों के आने की उम्मीद है। शनिवार रात ही लगभग दो लाख भक्तों ने रथों पर सवार देवी-देवताओं के दर्शन किए। प्रशासन सतर्क है और स्थिति से अवगत है तथा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है।

# तीन दिनों में 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे बाबा बर्फानी दरबार

एजेंसी ▸▸ जम्मू

इस साल की अमरनाथ यात्रा की समय सीमा कम कर दी गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके बावजूद अमरनाथ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है।

तीन जुलाई से शुरू हुई 38 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा में अब तक 50,000 से अधिक श्रद्धालु अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन के लिए भारी बारिश के बीच 7,200 से अधिक श्रद्धालुओं का नया जत्था यहां आधार शिविर से रवाना हुआ।



### 7,200 श्रद्धालुओं का नया जत्था रवाना

7,200 से अधिक श्रद्धालुओं का नया जत्था यहां आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालुओं का पांचवां जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भगवती नगर आधार शिविर से दो काफिलों में तड़के 3:35 से 4:15 बजे के बीच रवाना हुआ। इसमें 1,587 महिलाएं और 30 बच्चे शामिल थे।

विदिशा के सिपाही की चालबाजी को नहीं पकड़ पाए अफसर

# 12 साल से नहीं गया ड्यूटी, घर बैठे मिल गई 28 लाख सैलरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश पुलिस में चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक सिपाही ने 12 साल तक ड्यूटी किए बिना 28 लाख रुपए की सैलरी ले ली। यह मामला विदिशा जिले के निवासी एक पुलिसकर्मी से जुड़ा है, जिसे 2011 में मध्य प्रदेश पुलिस में भर्ती किया गया था।

भर्ती के बाद उसे भोपाल पुलिस लाइन में पोस्ट किया गया और फिर सागर ट्रेनिंग सेंटर के लिए भेजा गया था, लेकिन वह ट्रेनिंग पर पहुंचने की बजाय चुपचाप अपने घर विदिशा लौट गया। उसने न तो किसी अधिकारी ▸▸शेष पेज 5 पर

### कैसे सामने आया घोटाला

यह घोटाला तब सामने आया जब 2023 में 2011 बैच की वेतन ग्रेड समीक्षा की जा रही थी। अधिकारियों को उस सिपाही की कोई फाइल या सेवा रिकॉर्ड नहीं मिला। न कोई केस, न कोई ट्रांसफर, न ही कोई उपस्थिति। जब उसे बुलाया गया तो उसने दावा किया कि वह मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा था और इसी कारण ड्यूटी पर नहीं आ सका। उसने कुछ मेडिकल दस्तावेज भी दिए।



### ट्रेनिंग के नाम पर कभी लौटकर नहीं आया

जांच की जिम्मेदारी एसीपी अंकिता खाटरकर को सौंपी गई है, जो भोपाल के टीटी नगर क्षेत्र में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि सिपाही ने अकेले ट्रेनिंग जाने की इजाजत ली थी, लेकिन कभी लौटकर नहीं आया। इसी वजह से उसकी उपस्थिति दर्ज नहीं हुई और वह लगातार रिकॉर्ड में बना रहा।

### सिपाही को भोपाल पुलिस लाइन में रखा गया

फिलहाल सिपाही को भोपाल पुलिस लाइन में रखा गया है। उससे 1.5 लाख रुपए की वसूली हो चुकी है, बाकी रकम उसकी आने वाली सैलरी से कटौती कर वसूली जाएगी। विभाग ने कहा है कि अभी जांच जारी है और इस लापरवाही में जो भी अधिकारी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चिंतन

# ट्रंप से अदावत में अरबपति मस्क का राजनीतिक उदय

दोस्ती की बुनियाद अगर स्वार्थ और अहं पर टिकी हो तो इसे अदावत में बदलते देर नहीं लगती है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप और एलॉन मस्क की दोस्ती भी कुछ ऐसी ही साबित हुई है, जो अब टकराव में बदल गई है। राष्ट्रपति ट्रंप के बर्ताव व फैसले से खिन्न एलॉन मस्क सियासी पिच पर कूद गए हैं। उन्होंने अमेरिका में नई राजनीतिक पार्टी 'अमेरिका पार्टी'की घोषणा की है। मस्क ने अपनी पार्टी के उद्देश्य को लेकर कहा है कि दो-दलीय व्यवस्था को खत्म कर जनता की आवाज़ को मजबूती देना है। अमेरिका में अरबपति व्यवसायी एलॉन मस्क का यह राजनीतिक उदय है। पिछले राष्ट्रपति चुनाव में जब ट्रंप अपना राजनीतिक अभियान चला रहे थे तो मशहूर एलॉन मस्क ट्रंप के सारथी की भूमिका निभा रहे थे। ट्रंप ने अपने चुनावी कैंपेन में मस्क का भरपूर सहयोग लिया, साधन से भी और धन से भी। राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने रिटर्न गिफ्ट के तौर पर मस्क को अमेरिकी सरकार में शामिल भी किया और सरकारी दक्षता विभाग का प्रमुख बना कर प्रशासनिक सुधार जैसी अहम जिम्मेदारी भी दी। मस्क की दिक्कत है कि वे एक अच्छे बिजनेसमैन हैं, स्टेट्समैन नहीं हैं। इसलिए उनके लिए ट्रंप के सभी फैसलों को राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में समझना आसान नहीं है। ट्रंप के महत्वाकांक्षी बिग ब्यूटीफुल बिल पर मस्क इतने खफा हुए कि वे ट्रंप सरकार से बाहर हो गए। बहरहाल, मस्क ने नई पार्टी बना कर अमेरिकी राजनीति में एक नए विकल्प का द्वार खोल दिया है। सवाल यह भी है कि दो दलीय अमेरिकी राजनीति में क्या किसी तीसरे दल की स्वीकार्यता होगी? अमेरिका के संविधान के अनुच्छेद II, खंड 1 के मुताबिक, अमेरिका में जन्म लेने वाले नागरिक ही अमेरिका के राष्ट्रपति बन सकते हैं। मस्क ने खुद सार्वजनिक रूप से बयां की है कि उनका जन्म अमेरिका में नहीं, वरन दक्षिण अफ्रीका में हुआ है। इस नियम के अनुसार वे खुद राष्ट्रपति तो नहीं बन सकते हैं, जब तक कि संविधान में संशोधन कर इस प्रावधान में बदलाव न किया जाए। मस्क अपनी किसी पत्नी या संतान या अपने किसी चहेते को राष्ट्रपति बनवा सकते हैं और वे अपनी पार्टी के जरिये ट्रंप की पार्टी की राह जरूर मुश्किल कर सकते हैं। ट्रंप मस्क को उनकी कंपनियों की सब्सिडी बंद करने व दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी भी दे चुके हैं। राजनीति की शुरुआत अगर सकारात्मक मंशा से हो तो उसका परिणाम भी अच्छा होता है, लेकिन अगर शत्रुता या बदले की भावना से हो तो अच्छे परिणाम की उम्मीद कम रहती है। यूं भी अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था में किसी तीसरे दल का भविष्य कभी लंबा नहीं रहा है। अनेक बार नई पार्टी सियासी मैदान में आई है, मगर केंद्रीय सत्ता का अंग नहीं बन सकी है। अमेरिकी जनमानस रिपब्लिकन और डेमोक्रटिक पार्टी के बीच ही घूमते रहे हैं। अतीत में, लिबरटेरियन, एलायंस, ग्रीन, बुल मूस, रिफॉर्म पार्टी, सोशलिस्ट, किसान-मजदूर, विस्कॉन्सिन प्रोग्रेसिव, कंज़र्वेटिव, पॉपुलिस्ट, नेचुरल लॉ, पीस एंड फ्रीडम, अमेरिकन इंडिपेंडेंट, डिक्सीक्रेट स्टेट्स राइट्स आदि पार्टियां अस्तित्व में आईं, लेकिन कोई भी पार्टी अमेरिकी राजनीति में तीसरा विकल्प नहीं बन सकी। अब मस्क ने अमेरिकी राजनीति को बदलने के वास्ते तीसरा विकल्प बनने के लिए नई पार्टी बनाई है, यह कदम ठहरी हुई अमेरिकी राजनीति में एक कंकड़ जरूर है, लेकिन इस नए दल का राजनीतिक भविष्य अभी भविष्य के गर्त में है। मध्य टर्म और वर्ष 2028 के राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिकन पार्टी की असली परीक्षा होगी।

जाति का मुद्दा
डॉ. चन्द्र त्रिखा



# सनातन की मर्यादा को तोड़ते कथावाचक विवाद

किसी भी विषय को लेकर विवादों का सिलसिला धीरे-धीरे हमारे देश में 'राष्ट्रीय हॉबी' बनता जा रहा है। कई बार ऐसा भी लगता है कि देश के कुछ मीडिया-संस्थान व कुछ 'बैठे ठाले' नेतागण, विवादों का उत्पादन करने में ही व्यस्त रहते हैं। 'विवादों' के सिलसिले धीरे-धीरे एक धंधा बनते जा रहे हैं। नया विवाद कथावाचन पर है। इन दिनों 'कथावाचन' ज्ञान-प्राप्ति का साधन मात्र नहीं रहा। कुछेक कथावाचकों का तो शुल्क ही 12 लाख से 20 लाख रुपये तक तय है। मगर इस शुल्क के साथ जाति का सवाल पहले नहीं था। चलिए थोड़ा सा कथावाचन की परंपरा पर भी दृष्टि डाल लेते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार भारतीय परिवेश में महर्षि वेद व्यास पहले कथावाचक थे। उन्हें ही महाभारत और श्रीमद्भागवत का रचनाकार माना जाता है। मान्यता यही है कि संसार में सबसे पहले गणेश जी ने कथा सुनी थी और उसे लिपिबद्ध भी किया था। उन्हें ब्रह्माजी के आदेश पर महर्षि वेद व्यास ने कथा सुनाई थी। वैसे पौराणिक कला में ऋषि-मुनि अपने आश्रमों में या वनों में अपने शिष्यों को कथा सुनाते थे। तब कथा का उद्देश्य 'लोक कल्याण' होता था। उसके लिए ऋषि-मुनि कोई शुल्क भी नहीं लेते थे। अब कथावाचन 'इवेंट मैनेजमेंट' का एक विषय है। भव्य मंडप सजते हैं। कथावाचकों के शुल्क इन 'इवेंट्स' के बजट का मुख्य भाग होते हैं। इस समय पूर्व राजनीतिज्ञ कुमार विश्वास सबसे महंगे कथावाचक माने जाते हैं। अन्य चर्चित एवं महंगे कथावाचकों में स्वामी अवधेशानन्द जी, बागेश्वर-धाम के बाबा धीरेंद्र कुमार शास्त्री, पंडित देवकीनंदन कुमार, आचार्य अनिरुद्धाचार्य, मोरारी बापू, भोले बाबा उर्फ नारायण साकार, जया किशोरी, बाबा रामदेव, देवी चित्रलेखा, आदि का नाम शामिल है। अब थोड़ी चर्चा 'व्यास पीठ' के बारे में भी। यह पीठ उत्तरप्रदेश के सीतापुर जिले में नैमिषारण्य तीर्थ पर स्थित है। यहीं पर महर्षि वेद व्यास ने महाभारत की रचना की थी। वहीं व्यास को समर्पित एक मंदिर भी है। हाल ही का विवाद कथावाचकों की जाति को लेकर आरंभ हुआ है। इस समय में इटावा के कथावाचकों के मामले में उत्पन्न विवाद मीडिया में भी और राजनीतिक दलों में भी चर्चा एवं आरोपों-प्रत्यारोपों तक जा पहुंचा है। इटावा में यादव जाति से आने वाले आचार्य मुकुट मणि यादव और संत सिंह यादव का आरोप है कि उनके ब्राह्मण यजमान ने जाति के आधार पर उनसे मारपीट की। तब से यह बहस जारी है कि कथावाचन का अधिकार किसे है। काशी की विद्वत परिषद सरीखी संस्था का कहना है कि भागवत कथा सुनने, सुनाने का अधिकार सभी हिन्दुओं को है, जबकि इन दिनों खबरों में छाए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का कहना है कि 'सभी जातियों को कथा सुनाने का अधिकार केवल ब्राह्मणों के पास है मगर किसी भी जाति का व्यक्ति अपनी जाति के लोगों को भागवत कथा सुना सकता है।' अब इस विवाद में समाजवादी पार्टी के नेतागण भी सक्रिय हो गए हैं। राजनीति की रोटियां सेंकने की तैयारी भी पूर्ण है। कुछेक कथावाचक यादव हैं तो कुछेक दलित भी। अधिक छानबीन चली तो हो सकता है एकाध मुस्लिम भी नाम बदलकर इस सूची में शामिल दिखे। मगर यह तो तय है कि कभी कांवड़-यात्रा को लेकर तो कभी धर्म-परिवर्तन को लेकर विवादों के बवंडर उठते रहते हैं। अगले चुनावों में इनमें से कुछ कथावाचकों को चुनाव-प्रचार में उतारने की योजनाएं भी चल रही हैं। कोई बड़ी बात नहीं कि कुछेक कथावाचकों को चुनावी मैदान में प्रत्याशी के रूप में भी उतार दिया जाए। वैसे यह तथ्य भी कम दिलचस्प नहीं कि कुछ कथावाचकों के अपने इलेक्ट्रॉनिक चैनल भी हैं। उन चैनलों पर कथावाचन के लिए प्रायोजक भी मिल जाते हैं और विज्ञापनदाता भी। कुछेक धार्मिक चैनलों को तो कुछ राज्य सरकारें भी संरक्षण व प्रोत्साहन देती हैं। ऐसा भी नहीं कि कथावाचन की परंपरा केवल सनातन धर्म तक ही सीमित है। इस सूची में सभी पंथों के धर्माचार्य शामिल हैं। जैन धर्म, बुद्ध धर्म, ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय, योग, ज्योतिष, तंत्र विद्या आदि से जुड़े कथावाचक भी हैं। पहले पहल साहित्य, कविगोष्ठी, कवि-सम्मेलन आदि के कार्यक्रम एवं 'स्लॉट' भी चले थे, लेकिन ज्यादा भाव नहीं मिल पाया। विवादों की उम्र ज्यादा नहीं होती। इस विवाद को अगले किसी विवाद के लिए स्थान खाली करना होता है। मगर इन विवादों का सबसे बड़ा अनुभव यह रहा है कि सुरूचिपूर्ण धारावाहिकों एवं कला-संगीत आदि से जुड़े कार्यक्रम हाशिए पर सरक चले हैं। सुरूचि का ना तो कोई वोट बैंक है, न उपयोगिता। अब हर तत्व, हर गतिविधि का चलन उपयोगिता से जुड़ चला है। चलिए प्रार्थना करें कि विवादों का धंधा सुरूचिपूर्ण ढंग से तो चले।

(लेखक वरिष्ठ साहियकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



राजनीति
उमेश चतुर्वेदी

# हिंदी विरोध के जरिए राष्ट्रीय मानस पर चोट

महाराष्ट्र की धरती पर हिंदी भाषियों को अपमानित करने में राजनीति के दो चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। एक तरफ अपमानित करने वाली शिवसेना और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना यानी मनसे है तो दूसरी तरफ राज्य की सत्ता है। हिंदी भाषियों को अपमानित करने वाली राजनीति का मकसद हिंदी विरोध पर मराठी मानुष की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए अपना वोट बैंक मजबूत करना है तो दूसरी तरफ सत्ता और विपक्ष के एक हिस्से की राजनीति है, जो अपमानित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई इस डर से नहीं कर रही कि कहीं इससे मराठी मानुष की धारणा कमजोर ना हो जाए और उसके जरिए उसका अपना समर्थक आधार ना खिसक जाए।

इसे राजनीतिक विद्रूप ही कहेंगे कि हिंदी को राजभाषा बनाने का विचार देने वाली मराठी माटी पर ही हिंदी भाषियों को अपमानित किया जा रहा है। महाराष्ट्र की धरती पर हिंदी भाषियों को अपमानित करने में राजनीति के दो चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। एक तरफ अपमानित करने वाली शिवसेना और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना यानी मनसे है तो दूसरी तरफ राज्य की सत्ता है। हिंदी भाषियों को अपमानित करने वाली राजनीति का मकसद हिंदी विरोध पर मराठी मानुष की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए अपना वोट बैंक मजबूत करना है तो दूसरी तरफ सत्ता और विपक्ष के एक हिस्से की राजनीति है, जो अपमानित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई इस डर से नहीं कर रही कि कहीं इससे मराठी मानुष की धारणा कमजोर ना हो जाए और उसके जरिए उसका अपना समर्थक आधार ना खिसक जाए। राजनीति की इस चक्करघिन्नी में निम्न मध्यवर्गीय या हाशिये वाला हिंदीभाषी समुदाय ही पिस रहा है। उसका अपराध यह है कि वह महाराष्ट्र में रहते हुए मराठी ना बोलकर हिंदी बोल रहा है।

हिंदी बोलने के लिए हिंदी भाषियों को प्रताड़ित करने वाली राजनीति का अतीत भी ऐसा ही रहा है। शिवसेना का उभार पिछली सदी के साठ के आखिरी वर्षों में मुंबई में मलयालम बोलने वालों को खिलाफ आंदोलन के बाद हुआ। मनसे के कार्यकर्ता 2008-09 के दौरान तो केंद्रीय नौकरियों के लिए मुंबई में परीक्षाएं देने आए उत्तर भारतीय विशेषकर उत्तर प्रदेश-बिहार के छात्रों को खुलेआम पिटते रहे। उस समय की राज्य सरकार ने इस बदसलूकी के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने से बचती रही थी और आज की सरकार का भी कुछ वैसा ही रवैया है। मराठी मानुष का बोध महाराष्ट्र में इतना गहरा है कि सरकारें चाहें जिस भी दल की हो, इस मसले पर तकरीबन एक जैसा रुख अपनाने से परहेज नहीं करतीं।

भारत की संपर्क भाषा और राजभाषा के रूप में हिंदी को स्थापित करने का विचार देने में महाराष्ट्र की हस्तियों का बड़ा योगदान रहा है। लोकमान्य तिलक ने बंग-भंग के वक्त 1905 में वाराणसी की यात्रा की थी। वहां उन्होंने नागरी प्रचारिणी सभा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जो कहा था, उसे महाराष्ट्र की हिंदी विरोधी राजनीति को जानना चाहिए। तिलक ने कहा था, 'निःसंदेह हिंदी ही देश की संपर्क और राजभाषा हो सकती है। लोकमान्य अकेले मराठी मानुष नहीं हैं, जिन्होंने हिंदी को लेकर यह विचार दिया। 1960 से पहले आज का गुजरात राज्य भी महाराष्ट्र का ही हिस्सा था। 1880 में गुजराती कवि नर्मदाशंकर दवे उर्फ नर्मद कवि ने लोकमान्य से करीब चौथाई सदी पहले हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में आगे लाने का सुझाव दिया था। हिंदी को स्थापित करने की महात्मा गांधी की कोशिशों से भला कौन इनकार कर सकता है। 1918 में इंदौर के हिंदी साहित्य सम्मेलन को हर हिंदी प्रेमी जानता है, लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि गांधी जी ने 1917 में भरूच में आयोजित गुजरात शैक्षिक सम्मेलन में पहली बार सार्वजनिक तौर पर हिंदी की ताकत को स्वीकार किया था। उन्होंने कहा था, 'भारतीय भाषाओं में केवल हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है जिसे राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाया जा सकता है।' हिंदी के प्रचार को राष्ट्रीय कार्यक्रम मानने वाले काका कालेलकर भी मराठी भाषी



ही थे। सतारा में जन्मे कालेलकर ने 1938 में कहा था, 'राष्ट्रभाषा प्रचार हमारा राष्ट्रीय कर्म है।' रचनात्मक आंदोलनकारी और गांधी जी के शिष्य विनोबा भी ताजिंदगी हिंदी के संघर्षरत रहे। उन्होंने हर भारतीय भाषा को एक-दूसरे के करीब लाने के लिए अनूठा सुझाव दिया था। उन्होंने हर भाषा से नागरी लिपि अपनाने का सुझाव दिया था। सिर्फ राजनीति ही नहीं, पत्रकारिता जगत की मराठी भाषी हस्तियों ने भी हिंदी को स्थापित करने में रचनात्मक भूमिका निभाई है और साहस दिखाया है। हिंदी पत्रकारिता आज जिस मुकाम पर है, उसमें बड़ा योगदान मराठी भाषी पत्रकारों और लेखकों का भी है। माधव राव सप्रे, बाबूराव विष्णुराव पराड़कर, रामकृष्ण खाडिलकर, लक्ष्मण नारायण गर्दे जैसे पत्रकारों ने हिंदी को नई शैली में गढ़ा, उसके शब्द गढ़े, और उसे ऊंचाई दी। हिंदी इन मराठी भाषी महात्मनों की शुक्रगुजार है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से निकले धर्मयुग ने दशकों तक हिंदीभाषी पाठकों के दिलों पर राज किया। ऐसे महाराष्ट्र की धरती पर अगर हिंदी बोलने वालों का अपमान होना दुखद ही कहा जाएगा। हिंदी विरोध की ग्रंथि तमिलनाडु में आजादी के पहले से ही रही है, जिसका संक्रमण कर्नाटक तक पहुंचा है। कर्नाटक रक्षण वेदिके ने 2017 में हिंदी बेड़ा अभियान यानी हिंदी विरोधी अभियान चलाया। साल 2019 में हिंदी दिवस न मनाने के लिए भी राज्य में अभियान चला। शुरू में इन विरोध प्रदर्शनों को बड़ा समर्थन नहीं मिला। राजनीति और मीडिया के हलकों में इसकी सुरसुरी दिखी। ऐसे आंदोलनों का असर बाद में पता चलता है। जब विरोध की वैचारिकी के असर में जमीनी स्तर की सोच बदलने लगती है। एक राष्ट्रीयकृत बैंक की स्थानीय शाखा के प्रबंधक से जबरदस्ती हिंदी बोलने के लिए हुज्जत करने का दृश्य हो या फिर किसी ऑटो वाले का किसी हिंदी भाषी लड़की को थप्पड़ मारना, कर्नाटक में हिंदी विरोधी आंदोलन की जमीनी परिणति ही कहा जाएगा। निजाम का शासन कर्नाटक के उत्तरी हिस्से में रहा। दिल्ली सल्तनत के बादशाह मोहम्मद तुगलक ने 1327 ईस्वी में दिल्ली से महाराष्ट्र के दौलताबाद में अपनी राजधानी लेकर गया था, जिसे आज का महाराष्ट्र देवगिरि के नाम से जानता है। उसके साथ भी हिंदी वहां तक पहुंची थी। महाराष्ट्र का विदर्भ इलाका राज्य पुनर्गठन से पहले मध्य प्रांत और बरार का हिस्सा रहा। इस वजह से विदर्भ भी मोटे तौर पर हिंदी के प्रभाव वाला राज्य है। शायद यही वजह रहा कि महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर विवाद नहीं रहा। विवाद की वजह अब मनसे और शिवसेना की राजनीति बनी है। इसका कारण नई शिक्षा नीति का वह प्रावधान है, जिसके तहत प्राथमिक स्तर पर भारतीय भाषायों के जरिए शिक्षा देने का प्रावधान है। जब प्राथमिक स्तर पर हिंदी में पढ़ाई कराने का आदेश आया तो राज्य की राजनीति में अपनी जगह खोज रहे शिवसेना-उद्धव और मनसे को हिंदी विरोध में ही अपना भविष्य नजर आया। एकनाथ शिंदे के अलग होने के बाद से शिवसेना-उद्धव भी परेशान है और शिवसेना से अलग होने के बाद से मनसे प्रमुख राज ठाकरे अपना राजनीतिक वजूद की खोज में हैं। दिलचस्प यह भी है कि अतीत में सत्ता और उत्तराधिकार के चलते अलग राह चुनने वाले दोनों चचेरे भाई उद्धव और राज एक कश्ती पर सवार होने की तैयारी में हैं और उसके लिए उन्होंने हिंदी विरोध की नाव तैयार की है। हिंदी को संपर्क भाषा इसलिए स्वीकार किया गया, क्योंकि वह देश को जोड़ने की कुव्वत रखती है। जबकि आज की राजनीति अपनी स्थानीय भाषाओं के नाम पर जिस भावना को फैला रही है, उससे देश का मानस बंटेगा..मानस बंटेगा तो देश में विघटन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिल सकता है। राजनीति चाहे जिस पक्ष की हो, उसे इस नजरिए से हिंदी के विरोध को देखना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित
दर्शन

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।

# गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्याधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्याधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मिलावट : मुंह में नहीं, जमीर में घुला जहर

मिलावट अब केवल खाने-पीने तक सीमित नहीं रही, यह हमारे सोच, संबंध और व्यवस्था तक में घुल चुकी है। मूंगफली में पत्थर हो या दूध में डिटर्जेंट, यह मुनाफाखोरी की संस्कृति का विस्तार है। उपभोक्ता की चुप्पी, सरकार की ढील और समाज की 'चलता है' मानसिकता ने इसे स्वीकार्य बना दिया है। मिलावट एक नैतिक संकट है, जो धीरे-धीरे शरीर ही नहीं, आत्मा को भी बीमार कर रहा है। जब तक ईमानदारी को समर्थन और सच्चाई को स्पेस नहीं मिलेगा, तब तक हर दाना शक के दायरे में रहेगा और हर निवाला जहर जैसा लगेगा। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। हर उत्पाद के साथ-साथ संवेदनाएं, ईमानदारी व नैतिकता भी प्रदूषित हो रही हैं।

*- प्रतीक केशरवानी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### हार्दिक शुभकामनाएं



मैं 1.4 अरब भारतीयों के साथ मिलकर परम पावन दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। उनके संदेश ने सभी धर्मों के लोगों में सम्मान और प्रशंसा को प्रेरित किया है। हम उनके निरंतर अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जयंती पर श्रद्धांजलि



एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान, नहीं चलेंगे...यह अखंड भारत के लिए अविराम तप करने वाले महापुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवन-प्रतिज्ञा थी। भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष,श्रद्धेय डॉ. मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि!

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### मतदान का अधिकार



निर्वाचन आयोग के सहयोग से भाजपा ने बिहार में करोड़ों लोगों के मतदान का अधिकार छीनने का जो 'मास्टर प्लॉन' बनाया था, उसमें अब भाजपा खुद फंसती नजर आ रही है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### ध्वस्त कानून व्यवस्था



बिहार की ध्वस्त कानून व्यवस्था व बेलगाम भ्रष्टाचार पर भी अगर किसी को गुस्सा नहीं आ रहा तो समझो उस इंसान का न्यायिक चरित्र एवं मानवीय संवेदना मर चुकी है। जात-धर्म के नाम पर सरकार की विफलता व जनभावनाओं को नजरअंदाज करना बिहार और बिहारियों के लिए घातक है।

**-तेजस्वी यादव, राजद नेता**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# राफेल की बिक्री प्रभावित करने चीन ने किए प्रयास



चीन ने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के बाद फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन के बारे में भ्रम की स्थिति पैदा करने की जिम्मेदारी अपने दूतावासों को दी थी, ताकि इस विमान की प्रतिष्ठा और बिक्री को नुकसान पहुंचाया जा सके। फ्रांसीसी सैन्य और खुफिया अधिकारियों ने यह निष्कर्ष निकाला है। एसोसिएटेड प्रेस द्वारा देखी गई फ्रांसीसी खुफिया सेवा की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के दूतावासों में रक्षा अधिकारियों (डिफेंस अताशे) ने राफेल की बिक्री को प्रभावित करने के लिए अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य उन देशों को राजी करना था, जिन्होंने पहले से ही फ्रांस निर्मित लड़ाकू विमान का ऑर्डर दे दिया है - विशेष रूप से इंडोनेशिया- कि वे राफेल विमान न खरीदें तथा अन्य संभावित खरीदारों को चीन निर्मित विमान चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। फ्रांसीसी सेना के अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए रिपोर्ट एपी के साथ साझा की। सैन्य अधिकारी और शोधकर्ता तब से इस बात का ब्योरा जुटा रहे हैं कि पाकिस्तान के चीन निर्मित सैन्य उपकरण विशेष रूप से युद्धक विमान और मिसाइलें - भारत द्वारा पाकिस्तानी लक्ष्यों को भेदने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियारों, विशेष रूप से फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले कैसा प्रदर्शन कर रहे थे।

## ऑफ बीट

# ऑनलाइन बातचीत में भावनाओं को पहचान सकता है एआई



जब हम किसी दूसरे व्यक्ति को ईमेल या सोशल मीडिया पर कुछ लिखते हैं तो हम सीधे तौर पर कुछ नहीं कहते, लेकिन हमारे शब्द एक छिपे हुए अर्थ को व्यक्त कर सकते हैं। हम अक्सर यह भी उम्मीद करते हैं कि ये भावनाएं पाठकों तक पहुंच जायेंगी। लेकिन क्या होगा यदि दूसरी तरफ कोई कृत्रिम मेधा (एआई) प्रणाली हो, न कि कोई व्यक्ति? क्या एआई हमारे मूलपाठ में छिपे अर्थ को समझ सकता है? और अगर ऐसा है, तो इसका हमारे लिए क्या मतलब है? विषय-वस्तु विश्लेषण अध्ययन का एक क्षेत्र है जो पाठ में अंतर्निहित गहरे अर्थों और भावनाओं को उजागर करने से संबंधित है। उदाहरण के लिए, इस प्रकार का विश्लेषण हमें संचार में मौजूद राजनीतिक झुकाव को समझने में मदद कर सकता है जो शायद सभी के लिए स्पष्ट नहीं है। यह समझना कि किसी की भावनाएं कितनी तीव्र हैं या वे व्यंग्यात्मक हैं, किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, ग्राहक सेवा में सुधार लाने और यहां तक कि राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण हो सकता है। ये तो बस कुछ उदाहरण हैं। हम जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी इसके फायदों की कल्पना कर सकते हैं, जैसे सामाजिक विज्ञान अनुसंधान, नीति-निर्माण और व्यवसाय।



MARUTI SUZUKI
NEXA
RAINING DEALS, ROARING WHEELS.
FRONX Awaits.
FRONX
INDIA'S FASTEST
3 LAKH SALES#
FRONX
THRILL HAS A NEW SHAPE
1.0L Turbo Boosterjet Engine with Progressive Smart Hybrid
360 View Camera
Head Up Display
NEXTre' Rear Combination Lights
In-Built Suzuki Connect
3 years 100 000 km WARRANTY* EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
BENEFITS UP TO ₹90 000**
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU!
e-book today @ www.nexaexperience.com
Contact us at 1800-200-[6392] 1800-102-[NEXA]
For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Offers may vary subject to the model and variant purchased and shall be applicable till stock lasts. **All offers are brought to you by NEXA dealers only. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. Creative Visualization. For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the owner's manual. *3 years or 100 000 km whichever is earlier. #Claim verified by independent research agency JATO DYNAMICS Limited dated 1st April 2025 for fastest to 3 Lakh Sales in the Industry since launch.

# किसी सपने के सच होने जैसा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने पुराने पलों को याद करते हुए काफी इमोशनल हो गई हैं। हाल ही में उन्होंने एक



थ्रोबैक वीडियो शेयर किया जिसमें वो कैटरीना कैफ से ऑटोग्राफ लेते हुए नजर आ रही हैं। ये वीडियो फिल्म 'रेस' की प्रीमियर नाइट का है, जब जरीन इंडस्ट्री का हिस्सा भी नहीं थीं। वीडियो के साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है जिसने उनके फैंस को भी इमोशनल कर दिया। वीडियो में जरीन को कैटरीना कैफ से मिलते हुए देखा जा सकता है। वो बेहद खुश नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर एक मासूम सी मुस्कान है। पोस्ट में जरीन ने लिखा कि वो उस वक्त बस एक आम लड़की थीं, जो बॉलीवुड की चमक-दमक से प्रभावित थीं और उन्हें ये भी नहीं पता था कि एक दिन वह खुद भी इसी इंडस्ट्री का हिस्सा बनेंगी।

# शापित कहलाती थी ये हॉरर फिल्म! ट्रेलर था सिनेमाघरों में बैन

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्में महज तीन घंटे का एंटरटेनमेंट नहीं होता। कई बार फिल्म का खौफ दर्शकों के थ्रिल चढ़ कर बोलने लगता है। कई हॉरर फिल्मों से जुड़े ऐसे किस्से हैं जिसमें दर्शक कई दिनों तक डरे और सहमे रहे. कुछ को थेरेपी तक की जरूरत पड़ गई। ऐसी ही एक फिल्म है जिसे शापित मूवी तक कह दिया गया था। ऐसी ही हॉरर फिल्मों की बात करें तो द एग्जोरसिस्ट का नाम सबसे पहले लिया जाता है। 1973 में रिलीज हुई इस फिल्म को अब भी सबसे डरावनी फिल्मों में गिना जाता है। लेकिन, इस फिल्म की डरावनी कहानी के साथ ही इसके पीछे भी कई खौफनाक किस्से जुड़े हुए हैं।



***डरावना था ट्रेलर*** : इस फिल्म का ओरिजिनल टीजर ट्रेलर भी किसी फिल्म से कम डरावना नहीं था। ट्रेलर में सिर्फ एक सफेद चेहरे वाला भूत अंधेरे में झलकता था। ट्रेलर में कोई कहानी नहीं दिखाई गई, बस अंधेरे और भूत की झलक भर दिखाई गई थी, जो लोगों के रोंगटे खड़े कर देती थी। यही वजह थी कि कई सिनेमाघरों ने इस ट्रेलर को बहुत ज्यादा डरावना मानते हुए बैन कर दिया था।

***एक्ट्रेस को मिली थीं जान से मारने की धमकियां*** : इस फिल्म में लिंडा ब्लेयर ने मुख्य किरदार निभाया था। लेकिन, फिल्म के रिलीज होने के बाद उनके लिए मुश्किलें बढ़ गईं। धार्मिक कट्टरपंथियों ने फिल्म पर शैतान की महिमा गान करने का आरोप लगाया और लिंडा ब्लेयर को जान से मारने की धमकियां मिलने लगीं। हालात इतने बिगड़ गए कि वार्नर ब्रदर्स को लिंडा के लिए छह महीने तक बॉडीगार्ड्स रखने पड़े।

### इस वजह से भी 'शापित' कहलाती है ये फिल्म

*फिल्म के साथ एक और डरावनी कहानी जुड़ी है। फिल्म में एक छोटे से सीन में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन का किरदार निभाने वाले पॉल बेटसन को फिल्म रिलीज के 6 साल बाद हत्या के मामले में दोषी पाया गया। उसने एक फिल्म रिपोर्टर की हत्या कर दी थी। इसके बाद फिल्म को लेकर अफवाहें और तेज हो गईं कि द एग्जोरसिस्ट एक शापित फिल्म है। कई ऐसे किस्से भी सामने आए कि फिल्म से जुड़े लोग अजीब हादसों का शिकार हुए, जिससे इसकी शापित फिल्म वाली छवि और गहरी होती गई।*

# दो बीघा जमीन को मिला था पहला फिल्मफेयर अवार्ड, 1953 में हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** आज हम आपको उस फिल्म के बारे में बता रहे हैं जिसने पहला फिल्मफेयर अवार्ड जीता। ये फिल्म साल 1953 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का नाम है दो बीघा जमीन। दो बीघा जमीन को बिमल रॉय ने डायरेक्ट किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। आईएमडीबी के मुताबिक, इस फिल्म का बजट करीब 2 लाख था। वहीं, इस फिल्म ने 70 लाख की कमाई की थी। इस फिल्म में बलराज सहानी, निरुपा रॉय, रतन कुमार, जगदीप, मीना कुमारी और रामायण तिवारी जैसे



कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म को सलिल चौधरी, पॉल महिंद्रा और ऋषिकेश मुखर्जी ने लिखा था। इस फिल्म को बेस्ट फिल्म का पहला फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में इंटरनेशनल प्राइज भी जीता था। फिल्म के लिए बिमल रॉय को बेस्ट डारेक्टर का फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। बिमल रॉय को नेशनल अवार्ड भी मिला था। दो बीघा जमीन की आईएमडीबी रेटिंग की बात करें तो इसकी रेटिंग 8.3 है। इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर देख सकते हैं।

# बिना हीरो के हिट हो गईं थीं ये 7 हिंदी फिल्में, कभी कहानी तो कभी एक्ट्रेस ने जीता दिल

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में ऐसी धारणा है कि बिना मेल लीड एक्टर्स के फिल्में नहीं चलती हैं। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी रही है जिन्होंने इस धारणा को तोड़ा है और बिना किसी लीड हीरो के फिल्म सुपरहिट रही है।*



**क्वीन** : कंगना रनौत की यह फिल्म उनकी एक्टिंग और दमदार स्क्रिप्ट के चलते हिट रही थी। फिल्म ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। कहानी है एक ऐसी लड़की की जिसकी शादी हनीमून से पहले ही टूट जाती है और फिर वह अकेली ही यूरोप घूमकर आती है, इस दौरान उसे कई नए अहसास होते हैं और उसकी सोच बदल जाती है।




**राजी** : साल 2018 में आई इस फिल्म में आलिया भट्ट ने लीड रोल प्ले किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। कहानी एक ऐसी लड़की की है जो पाकिस्तान में इसलिए शादी करती है ताकि वहां रहकर अपने देश के लिए जासूसी कर सके।




**पिकु** : दीपिका पादुकोण की इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और इरफान खान भी थे, लेकिन दीपिका के अपोजिट कोई लीड हीरो नहीं था, लेकिन फिर भी कहानी के दम पर यह फिल्म सुपरहिट रही।




**लिपस्टिक अंडर माय बुर्का** : रत्ना पाठक, कोंकणा सेन शर्मा और अहाना कुमरा जैसे सितारों से सजी यह फिल्म विवादों में रही थी, लेकिन रिलीज हुई तो इसे जनता ने खूब प्यार दिया। इस फिल्म में भी कोई लीड हीरो नहीं था।



**शेरनी** : फिर एक बार विद्या बालन ने साबित कर दिया कि वह अपने दम पर फिल्म हिट करा सकती हैं। फिल्म की कहानी एक फॉरेस्ट ऑफिसर की है जिसकी लड़ाई नैतिकता की है।




**कहानी** : विद्या बालन अकेली अपने दम पर फिल्म चला देने के लिए जानी जाती हैं। साल 2012 में आई उनकी फिल्म 'कहानी' में कोई लीड हीरो नहीं था, लेकिन यह फिल्म सुपरहिट रही थी। कहानी एक प्रेग्नेंट औरत की है, जो अपने पति की तलाश में कोलकाता आती है।



**तुम्हारी सुलु** : विद्या बालन ने इस फिल्म में लीड रोल प्ले किया था। कहानी है एक हाउसवाइफ की जो पहले टिफिन सप्लाई शुरू करती है, लेकिन फिर रेडियो जॉकी बन जाती है।

# तन्वी द ग्रेट को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में मिला स्टैंडिंग ओवेशन

**मुंबई।** अनुपम खेर अपनी अपकमिंग फिल्म तन्वी द ग्रेट की रिलीज को लेकर तैयार हैं। इससे पहले इस फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं। इस फिल्म की पुणे के 'राष्ट्रीय रक्षा अकादमी' में स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। फिल्म को 25,00 कैडेट्स और अधिकारियों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया। यह देखकर अनुपम खेर भावुक हो गए। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा 'ये मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में तन्वी द ग्रेट को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। एक अभिनेता/ कलाकार के रूप में मेरे 40 साल के करियर में यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है! भारत में यह तन्वी द ग्रेट की पहली स्क्रीनिंग है। यह ऐसी




जगह है जहां पर जवान कैडेट्स ट्रेंड किए जाते हैं और सशस्त्र सेवा अधिकारी बनते हैं।' आपको बता दें कि 'तन्वी द ग्रेट', तन्वी रैना की प्रेरक कहानी है, जो ऑटिज्म से पीड़ित एक युवा लड़की है। वह भारतीय सेना में शामिल होने का सपना देखती है। वह अपनी मां और अपने दादा के साथ रहती है।

# रणबीर सिंह के लुक के दीवाने हुए फैंस

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर का टीजर धमाका कर रहा है। एक्टर को इस लुक और अंदाज में देख कर फैंस पसंद कर रहे हैं। फिल्म में रणवीर को काला कुर्ता पहने हुए गुंडों की पिटाई करते हुए देखा जा रहा है।



आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को असली कहानी से इंस्पायर्ड बताया गया है। धुरंधर में संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल जैसे और भी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस फिल्म की पहली झलक को शानदार रिएक्शन मिल रहा है। रणवीर सिंह ने धुरंधर का टीजर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।

# डांस कॉम्पिटिशन में अनुपमा का साथ देने को तैयार हुईं चॉल की महिलाएं...



**नई दिल्ली।** रुपाली गांगुली अभिनीत सीरियल 'अनुपमा'में मौजूदा ट्रैक कई तरह के उतार-चढ़ावों से भरा है। सीरियल की लीड कैरेक्टर अनुपमा एक डांस कॉम्पिटिशन जीतना चाहती है। इसके लिए उसने मुंबई की चॉल में रहने वाली महिलाओं को भी राजी कर लिया। मगर, डांस कॉम्पिटिशन की प्रैक्टिस के दौरान अनुपमा के सामने एक बड़ी समस्या आकर खड़ी हो गई। स्टारप्लस के इंस्टाग्राम पेज पर सीरियल 'अनुपमा' का एक प्रोमो साझा किया गया है। इस प्रोमो में अनुपमा का साथ देने के लिए चॉल की महिला राजी हो जाती हैं। मगर जब वह डांस प्रैक्टिस करती हैं, तो उन्हें यह काम मुश्किल लगता है। एक महिला कहती है, 'शायद उनसे डांस नहीं हो पाएगा?' इस पर अनुपमा सबका हौसला बढ़ाती है, सब्र से काम लेने को कहती है। आगे प्रोमो में अनुपमा एक महिला के बारे में पूछती है कि वह क्यों डांस कॉम्पिटिशन में नहीं आई? इस पर अन्य चॉल की महिलाएं बताती हैं कि उस महिला की सास बहुत कठोर है, उसको सताती है। साथ ही उसका पति से उसे परेशान करता है। ऐसे में अनुपमा उस परेशान महिला के घर उससे मिलने जाती है। जब अनुपमा उस महिला के घर पहुंचती है तो देखती है कि उसके हाथ में चोट के निशान हैं। इस पर अनुपमा उसे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कहती है।

# घटाया वजन, लोगों को नहीं आया पसंद

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा इन दिनों काफी बदले-बदले से नजर आ रहे हैं। इस कॉमेडियन ने अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दिया है। काफी वजन भी कपिल शर्मा कम कर चुके हैं। मग,र सोशल मीडिया यूजर्स को कपिल का बदला हुआ लुक पसंद नहीं आया है। कपिल के कम हुए वजन पर कई यूजर्स तंज कस रहे हैं। कपिल को वेट लॉस के लिए ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में कपिल शर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वह काफी पतले नजर आए। इसी वीडियो को देखकर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर लिखता है, 'ये तो बीमार लग रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'ओजेम्पिक का कमाल है (वजन कम करने वाली दवा)।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'भाई तो कमजोर हो गया है।'इसी तरह के कमेंट कपिल के वेट लॉस को लेकर यूजर्स ने किए हैं। कपिल शर्मा ने काफी मेहनत से अपना वजन कम किया है। वह लगभग 10 किलो वजन घटा चुके हैं।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

कोटा स्टडी सर्कल® भिलाई/रायपुर



Suraj Singh 646/720 NEET
NEET, IIT-JEE PET/PAT
विशेषताएं
- कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
- हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के पृथक-पृथक बैचेस
- गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग हॉस्टल

रायपुर कोटा सेंटर भाटिया कॉम्पलेक्स, जी.ई. रोड रायपुर (छ.ग.) 9301547784
भिलाई कोटा सेंटर बिल्डिंग नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई 9098534927

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3 वेतन योग्यतनुसार (आवास फ्री PF +ESIC) **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED, **भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, छत्तीसगढ.** 7747000019, 7746000016, (RO-074)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### टेलीकॉलर/एक्जीक्यूटिव

आवश्यकता है- जॉब जॉब जॉब- कलेक्शन एजेंसी में काम करने हेतु महिला और पुरुष की आवश्यकता है। पद टेलीकॉलर (महिला) - 3 पद, फील्ड एक्जीक्यूटिव (पुरुष) - 15 से 20 पद सैलेरी 8000-20000/- **संपर्क** - 8718965956 (RO-5035)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु लड़के, सेल्समेन, सेल्सगर्ल, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राईवर-1 सभी रायपुर लोकल निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, **संपर्क:- विरदीचंद मानकलाल कंकालीपारा, रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, मो.** 9425522577, 9425522576. (RO-147)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर **पता- खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें** - 9343467254, 7470490884. (RO-6822)

### ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य करने हेतु ऑफिस बॉय की आवश्यकता है। **संपर्क करें** - 7470952100, 9151941253 (RO-6826)

### घरेलू कार्य

आवश्यकता है- घर के कार्य करने हेतु एक महिला/ लड़की / लड़के की आवश्यकता है (रहने की सुविधा उपलब्ध), **संपर्क: टाटीबंध रायपुर** +91 93291 09448 (RO-3884)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- किताब दुकान में कार्य हेतु परमानेंट पार्ट/ फूल टाइम युवक युवतियों, लड़कों (8वीं, 12वीं, स्नातक) की आवश्यकता है । वेतन पांच अंको में योग्यतानुसार। **जैन बुक डिपो, सदर बाजार, रायपुर।** 8109535868. (RO-398)

### टेलीकालिंग/ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है, सैलेरी 5,000+ कमीशन+ बोनस से कमाए 15 से 20,000 **पता सुपेला भिलाई नियर महिंद्रा शोरूम श्री राम चौक संपर्क** -72178-68971, 79991-74186 (आरो न.-783)

### सेल्समैन/ड्रायवर

आवश्यकता है- चाय पत्ती की फैक्ट्री में 12वीं पास लड़कों जो सेल्समेन काम कर सके एवं ड्राइवर की भी आवश्यकता है **संपर्क करें नियर एसबीआई एटीएम आकृति बिहार अमलीडीह रायपुर** 7469980000, 0771-4075490.(RO-6819)

आवश्यकता है- महाराष्ट्र मसाला उद्योग में कार्य करने (1) सेल्समैन कमीशन + बेसिक (2) Tally Accountant कम Billing ऑपरेटर 2 पद (3) टाटा यस एवं आपे ड्रायवर ऑलराउंडर (4) दुकान हेल्पर लड़के - लड़कियां **संपर्क** 94255-17056, 94252-12631 (RO-0031)

### आवश्यकता

आवश्यकता है- दवा कंपनी में कार्य करने हेतु दसवीं एवं बारहवीं पढ़े लिखे लड़कियों की आवश्यकता है। मिलने का समय 5 से 7 बजे । **संपर्क:- डॉ. एच. सी. अग्रवाल मो.-** 94255-55659, 96177- 89223 (आरो-7189)

### सेल्स/ मार्केटिंग

आवश्यकता है- सेल्स मार्केटिंग हेतु सेल्समैन की आवश्यकता है जो इंडसट्रियल फील्ड में कार्य किये हो कम्पनीयों, फैक्ट्रियों से ऑर्डर निकाल सके, वर्क टारगेट बेसिक सैलरी 20000/- से 25000/- महीना, बायोडाटा **व्हाट्सएप करें:-** 8777261838 (RO-163)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

### मैरिज पैलेस कार्य

आवश्यकता है- गोविन्द मैरिज पैलेस मै कार्य हेतु पद :- 1. मैनेजर, 2. क्लिनिक स्टाफ , 3. सिक्योरिटी गार्ड , 4. गर्ल्स ऑफिस वर्क ,गर्ल्स / बॉय की आवश्यकता है। **इंटरव्यू - 9/7/25 पता : कुरुद रूंगटा कॉलेज रोड भिलाई-97558-86622, 93006-61769** (आरो न.-782)

### ऑफिस कलर्क

शीघ्र आवश्यकता है- ऑफिस कलर्क - ऑफिस एवं कंप्यूटर कार्य मे निपूर्ण - स्नातक पास* भृत्य ( peon) महिला - 5वी पास इच्छुक संपर्क करें, स्थानीय को प्राथमिकता **उदय इंग्लिश मीडियम स्कूल छावनी - भिलाई - 74709-84997** (आरो न.-781)

### अन्य

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के-लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 725 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+62500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (धीरेंद्र कुमार)- **7392890179.** (RO-1004)

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी हेतु लड़कों एवं लड़कियों की अनपढ़ से लेकर ग्रेजुएट्स एयरपोर्ट जॉब हेल्पर, सुपरवाइजर, स्टोर कीपर, चेकर लोडर, ग्राउंड स्टाफ, कंप्यूटर ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड, सैलरी रु 28500/- रु 48500/- रहना/ खाने की सुविधा) **9013968764** (RO-1015)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

## Medical चिकित्सा

चिकित्सक- निःशुल्क होमियोपैथी परामर्श - 30 वर्षीय अनुभवी (एमडी डाक्टर के द्वारा) प्रत्येक शनिवार-रविवार शाम 6:00 से 8:00 असुविधा से बचने के लिए पूर्व में काल कर लें **मो. 7898132122, 9407335377 महीने भर की सेवा हेतु पंजीयन अनिवार्य 504- सेन्ट्रम बिल्डिंग भाठागांव चौक रायपुर** (RO-6812)

## Astrology ज्योतिष

छत्तीसगढ़िया ज्योतिष - काली माता की शक्तिशाली चमत्कारी पुजा अवइया चार महिना (चौमास) भारी कष्टदायक हे आर्थिक मानसिक शारीरिक आदि समाधान बर **निःशुल्क संपर्क करव मो. 8461886239** (RO-6825)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

प्लाट बेचना है- रायपुर के प्राइम लोकेशन कालीबाड़ी चौक के पास हनुमान नगर में 1500 वर्ग फीट का आवासीय प्लाट बेचना है। केवल वास्तविक खरीददार ही **संपर्क करें 8319455052** (RO-7224)

## For Rent किराया

किराए से- भावना नगर (शंकर नगर) सागर हॉस्पिटल के पास, मेन रोड पर वर्किंग वूमन और स्टूडेंट के लिए सर्व सुविधा युक्त AC/ नॉन AC, PG रूम हेतु **संपर्क करें मोबाइल :- 9302309266.** (RO-159)

## Services सर्विसेस

LOAN AVAILABLE- Home loan, Personal loan, Pensions loan for Government employee in Banking working 07 day only, with all National Bank services. Contact:- Mr Nitin Savdekar Sr Auditor A/63/Karmchari Nagar, Sikola bhatta Durg Mob:- 94091-88678, 83194-50882 (आरो नं.-7188)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (जैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## जैकेट के शेष

### नड्डा के साथ मैनपाट में ....

प्रतिनिधियों का भी सत्र होगा। प्रशिक्षण में शामिल होने मंत्री-विधायक व पदाधिकारियों का रविवार रात मैनपाट पहुंचना शुरू हो गया था। देर शाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी ट्रेन से अंबिकापुर रवाना हुए। कल प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। समापन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आना तय हुआ है। तीन दिन के शिविर में 12 सत्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर के उद्घाटन के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार 7 जुलाई को विशेष विमान से सुबह 11 बजे अंबिकापुर के दरिमा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। उनके साथ राष्ट्रीय महामंत्री बी. सतीश और सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश भी आएंगे। फिर यहां से वे सड़क मार्ग से मैनपाट पहुंचेंगे। इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने प्रदेश के ज्यादातर मंत्री, विधायक और सांसद रविवार रात तक पहुंच चुके थे। बताया जाता है कि प्रशिक्षण वर्ग में पहले दिन तीन सत्र हो रहे होंगे। **नेताओं की लगेगी क्लास** : भाजपा का ये प्रशिक्षण शिविर 7 से 9 जुलाई तक लगेगा। जहां भाजपा के महापौर से लेकर जिला पंचायत के पदाधिकारी भी ट्रेनिंग लेंगे। तीन दिन के शिविर में 12 सत्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले दिन तीन सत्र होंगे। वहीं दूसरे दिन राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ट्रेनिंग देंगे। समापन सत्र में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान, सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश भी शिविर में शामिल होंगे। जहां पर मंत्री, सांसद, विधायकों को ट्रेनिंग दी जाएगी।

### मुख्यमंत्री साय ट्रेन से ....

सफर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री सुबह अंबिकापुर पहुंच जाएंगे, जहां सुबह 11 बजे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करने के बाद उनके साथ ही मैनपाट रवाना होंगे।

### विजिबिलिटी कम, अतिथियों ....

ऐसे में मुख्य अतिथियों के विमान किस तरह लैंड होंगे इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। वर्तमान में मानसून की सक्रियता लगातार बनी हुई है और आसमान में घने बादलों की आवाजाही जारी है। शहर से लेकर मैनपाट तक घने बादलों ने अपना डेरा जमाया है। ऐसे में पिछले तीन सप्ताह से भी महामाया एयरपोर्ट पर फ्लाई बिग कंपनी ने अपनी उड़ाने बंद कर दी है। विजिबिलिटी की कमी के कारण यात्री विमान का परिचालन नहीं होने से लोगों को सेवाएं नहीं मिल रही हैं। इस बीच यह भी जानकारी निकालकर सामने आई कि 4 जून को एयरफोर्स का एक विमान भी अंबिकापुर पहुंचा था, लेकिन दृश्यता की कमी के कारण वह लैंड नहीं कर पाया और उसे वापस लौटना पड़ा। 2 जुलाई को एयर एम्बुलेंस से युवक का पार्थिव शरीर भी अंबिकापुर लाया गया था और पार्थिव शरीर लेकर आने वाले विमान को भी उड़ान भरने का मौका नहीं मिल पा रहा था। मौसम में थोड़ा सा सुधार होने और दृश्यता बढ़ने पर 4 जुलाई की शाम 4 बजे विमान ने किसी तरह उड़ान भरी। **हेलीकॉप्टर से जाना है मैनपाट तक : अनुराग** : प्रदेश प्रवक्ता एवं हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आगमन के दौरान दरिमा एयरपोर्ट से मैनपाट आवागमन के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। यदि मौसम खराब रहा तो दरिमा में फ्लाइट लैंड होने के बाद अतिथियों को सड़क मार्ग से ही कार्यक्रम स्थल तक ले जाया जाएगा। **लैंडिंग होगी चुनौती** : दृश्यता में कमी और घने बादलों का असर सीधा असर अब व्हीआईपी अतिथियों के विमानों पर भी पड़ने की संभावना जताई जा रही है। बड़ा सवाल यही बना हुआ है कि इस खराब मौसम में अतिथियों के विमान कैसे लैंड करेंगे। यदि मौसम इसी तरह खराब रहा तो भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के विशेष विमान की लैंडिंग भी चुनौती होगी।

### कांग्रेस दिखाएगी आज ....

राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल नियमित विमान से सुबह 11.30 बजे दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से वे सीधे होटल कोर्टयार्ड मैरियट पहुंचेंगे। वहां थोड़ी देर रुकने के बाद दोपहर 12.30 बजे समारोह के लिए रवाना होंगे। दोपहर 1 बजे समारोह पहुंचकर किसान, जवान और संविधान जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के बाद श्री खड़गे दोपहर 4 बजे कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन पहुंचकर प्रदेश पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक लेंगे। 5 बजे प्रदेश कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक लेंगे। बैठक के बाद 6 बजे शाम को **दिल्ली रवाना हो जाएंगे। पायलट ने लिया समारोह का जायजा** : छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सोमवार को होने वाली 'किसान जवान संविधान सभा' में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल होंगे। इसके पूर्व कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने रविवार को छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट पहुंचे। श्री पायलट ने आयोजन स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव भी मौजूद रहे। सचिन पायलट ने मंच, पंडाल, सुरक्षा और तमाम व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कहा, बारिश है, बादल हैं, लेकिन कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश है।

### खेत से लौट रही ....

पास के ही गांव लोहदुटरी (ग्राम पंचायत पसिया) में भी एक और बिजली गिरने की घटना सामने आई। यहां पर रितु बाई पिता अजय राम (25), जाति नागवंशी और कविता पिता शिवलाल (11) अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आ गईं। परिजनों ने बताया कि दोनों खेत के पास खेल रही थीं। तेज बारिश के बीच बिजली गिरी और दोनों वहीं गिर पड़ीं। आनन-फानन में ग्रामीणों ने दोनों को बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक दोनों की हालत फिलहाल नियंत्रण में है। बगीचा क्षेत्र में बीते 5 दिनों से रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है। कई जगहों पर खेतों में पानी भर गया है, कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। अब बिजली गिरने की घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। कई ग्रामीणों ने बताया कि पहले कभी इतनी बारिश होती थी, अब हर बार बारिश के साथ बिजली कड़कने और गिरने की आशंका बनी रहती है।

### आफत की बारिश ....

दिन में 24 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। कम समय में रिकार्ड तोड़ बारिश होने से एक ओर जहां शहर की सड़कों पर पानी भर गया तो वहीं पानी निकासी नहीं होने की स्थित में शहर के कुंडला सिटी, महादेव गली, घुटरापारा, सनसिटी कालोनी, गंगापुर नालापारा बस्ती सहित अन्य क्षेत्रों में पानी भर गया। अत्यधिक बारिश के कारण नाले फेल हो गये और नालियों का पानी लोगों के घरों में घुस आया जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही बारिश का असर जिलेभर में देखने को मिला। मैनपाट, सीतापुर के साथ ही बलरामपुर जिले के राजपुर क्षेत्र में भारी बारिश देखने को मिली। बारिश के कारण राजपुर विकासखंड में भी कई नदी नाले उफान पर आग गये है और आवागमन बंद हो गया है। वहीं सूरजपुर जिले में कूदरगढ़ में भी भारी बारिश का असर देखने को मिला। बारिश के कारण पहाड़ का पानी मंदिर की सीढ़ियों से होते हुए नीचे बहता रहा। ऐसे में खतरे को देखते हुए मंदिर परिसर में लोगों का प्रवेश रोक दिया गया था और लोग देवी दर्शन नहीं कर सके। भारी बारिश के कारण शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारी नुकसान हुआ है। बारिश के तेज बहाव में बेलहर बांध का पानी शिवपुर के पास रोड के ऊपर बह रहा है। पानी के तेज बहाव में लोक निर्माण विभाग की सड़क कट गई है जबकि मार्ग पर बना एरिगेशन का एक्वाडक्ट भी बह गया है। जिसके कारण शिवपुर वासियों के करजी चौक से सम्पर्क टूट गया है। वहीं आफत की बारिश के कारण शहर से लगे खैरबार के मछिन्दर पारा में पाइप पुलिया बह गई। इस घटना के बाद अब खैरबार के बौनापारा, करौदाझरिया, बासा, राता, कोरिमा, उदारी के लोगों का आवागमन बंद हो गया है और उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### 24 घंटे में बरसा ....

और जगहों पर रेलवे ट्रैक पर पानी भरने से ट्रेनों की चाल धीमी होने के समाचार हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान सरगुजा के साथ बिलासपुर में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

### नेटग्रिड बढ़ाएगा पुलिस ....

अधीन कार्यरत 'नैटग्रिड' अन्य जानकारी के अलावा, आतंकवादी गतिविधियों, संगठित आपराधिक गिरोहों, वित्तीय लेनदेन, आव्रजन, जाली मुद्रा और मादक पदार्थों के प्रचलन पर अपने डेटाबेस से वास्तविक समय की जानकारी 11 केंद्रीय एजेंसियों और सभी राज्य पुलिस बलों के साथ साझा करता है। नैटग्रिड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीयूष गोयल ने सभी राज्यों के पुलिस प्रमुखों को लिखे पत्र में अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने बलों में नैटग्रिड के उपयोग को बढ़ाएं, ताकि सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि हो सके तथा उन्हें समाधान का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। पत्र में विशेष रूप से जिला पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को अपराध नियंत्रण और कानून प्रवर्तन पहलों में नैटग्रिड डेटाबेस के व्यापक उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया है। गोयल ने पत्र में कहा, कृपया समय-समय पर अपनी बैठकों में इसकी समीक्षा करें। नैटग्रिड समाधान में और अधिक सुविधाएं/कार्यक्षमताएं जोड़ने का काम जारी रखे हुए है तथा नियमित प्रशिक्षण/प्रतिक्रिया सत्र आयोजित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नैटग्रिड, जहां भी आवश्यक हो, पुलिस अधिकारियों के लिए समर्पित प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित कर सकता है। पत्र में कहा गया है कि सहयोगात्मक प्रयासों से कई नए उपयोगकर्ताओं ने सक्रिय रूप से इस प्रणाली का उपयोग करना शुरू कर दिया है। **इन राज्यों की सराहना** : नैटग्रिड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीयूष गोयल ने पत्र में कहा, मैं आंध्र प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र और असम द्वारा नैटग्रिड समाधान के निरंतर उपयोग को रेखांकित और उसकी सराहना करना चाहूंगा, जो जनवरी-जून 2025 की अवधि के लिए शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्य हैं।उन्होंने इन राज्यों के अलावा तमिलनाडु द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की, जिसने जून में "एक महीने में कम से कम एक जानकारी प्राप्त करने की अर्जी देने वाले सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या' में चार गुना वृद्धि की।

# पूर्व विधायक से दिव्यांग पति ने मांगा गुजारा भत्ता

एजेंसी ▶▶| दमोह

मध्य प्रदेश के दमोह में पूर्व विधायक सोनाबाई के पति ने उनसे गुजारा भत्ता मांगा है। उन्होंने कुटुंब न्यायालय में हर महीने 25000 रुपये की मांग करते हुए अर्जी लगाई है।

■ हर महीने 25000 के लिए अर्जी लगाई



उन्होंने बताया कि वह 2016 में एक हादसे का शिकार हो गए थे। इसके बाद से उनका पैर खराब हो गया था। ऐसे में वह अपने भरण पोषण के लिए कमाई नहीं कर सकते हैं। इसी वजह से उन्होंने पत्नी से गुजारा भत्ता मांगा है। दमोह के पथरिया से विधायक रह चुकीं सोनाबाई से गुजारा भत्ता का मामला सामने आया है। सोना बाई के पति वर्तमान में दिव्यांग हैं। वह कुछ अपना भरण पोषण नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि कुछ साल पहले उनका एक पैर खराब हो गया था। कमाई नहीं होने से उनकी आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है।

### कुटुंब न्यायालय में लगाई अर्जी

सोनाबाई के पति ने हर महीने 25000 रुपये की मांग करते हुए कुटुंब न्यायालय में अर्जी लगाई है। रामसेवक और सोनाबाई की शादी 1993 में हुई थी। शादी के बाद सोनाबाई ने राजनीति में प्रवेश किया और भाजपा से पथरिया क्षेत्र की विधायक भी बन गईं। हालांकि, कुछ समय बाद उन्होंने पति से दूरियां बना लीं और उनका ध्यान रखना बंद कर दिया।

पाक के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो बोले

# मसूद अजहर पाक में नहीं, भारत सबूत दे तो अरेस्ट करने को तैयार

## जैश का सरगना हाफिज सईद जेल में बंद है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने अल जजीरा को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान के पास जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के ठिकाने को लेकर कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि यदि भारत विश्वसनीय सबूत साझा करता है कि



अजहर पाकिस्तान में है, तो उसे गिरफ़्तार किया जाएगा। जरदारी ने कहा है कि यदि भारत गंभीरता से प्रक्रिया में सहयोग करने को तैयार हो, तो पाकिस्तान को जांच के दायरे में आए व्यक्तियों को भारत को प्रत्यर्पित करने में कोई आपत्ति नहीं होगी। गौर करने वाली बात ये है कि बिलावल भुट्टो की पार्टी पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए भुट्टो ने कहा, अगर भारत सरकार हमारे साथ जानकारी साझा करती है कि वह पाकिस्तानी धरती पर है, तो हम उसे गिरफ़्तार करने को पूरी तरह तैयार हैं लेकिन अब तक भारत ने ऐसा कुछ साझा नहीं किया है।

### जब नाटो नहीं पकड़ सका तो पाक क्या चीज है

भुट्टो ने कहा कि अजहर शायद अफगानिस्तान में हो सकता है, क्योंकि वह अफगान जिहाद में सक्रिय रहा है। उन्होंने पश्चिमी देशों की वापसी और तालिबान की सत्ता में वापसी का संदर्भ देते हुए कहा, अगर नाटो अफगानिस्तान में उसे नहीं पकड़ सका, तो पाकिस्तान से ऐसा करने की उम्मीद करना व्यावहारिक नहीं है।

### ऑपरेशन सिंदूर में मारा गया मसूद का परिवार

यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत ने हाल ही में /"ऑपरेशन सिंदूर/" के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था. भारतीय सेना ने जैश-ए-मोहम्मद के बहावलपुर बेस और लश्कर-ए-तैयबा के मुरिदके हेडक्वार्टर पर भी हमले हुए थे. अजहर ने दावा किया कि भारत की कार्रवाई में उसके 10 परिजन और 4 साथी मारे गए।

# मुंबई हवाई अड्डे पर यात्री के बैग से निकले 45 जानवर

एजेंसी ▶▶| दमोह

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अजीबोगरीब मामला देखने को मिला है।

मुंबई हवाई अड्डे पर थाई एयरवेज की उड़ान से मुंबई पहुंचे यात्री के बैग में 45 जानवर मिले हैं। ये देख वहां मौजूद जांच टीम हैरान रह गई। जब यात्री का बैग खुलवाया गया तो इनमें से कई जानवरों की मौत भी हो चुकी थी। सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक यात्री से 'रैकून', काली लोमड़ी और 'इगुआना' समेत अनेक जंगली जानवर जब्त किए हैं। अधिकारियों ने कहा कि इन जानवरों को तस्करी के जरिए लाया जा रहा था।

हवाई अड्डे पर मौजूद अधिकारी ने कहा कि इस यात्री को तड़के थाई एयरवेज की उड़ान से मुंबई पहुंचने पर पकड़ा गया। बैग की तलाशी लेने के दौरान सीमा शुल्क विभाग की टीम को यात्री के बैग से 45 जानवर मिले हैं। इन जानवरों में 'रैकून', 'हाईरेक्स (जो खरगोश जैसे दिखते हैं)', काली लोमड़ी और 'इगुआना' आदि शामिल थे। यात्री के बैग में रखे कई जानवरों की दम घुटने से मौत भी हो गई थी।

### जिस देश के हैं जानवर, वापस वहां भेजा जाएगा

अधिकारी ने कहा कि 'रेसक्विंक एसोसिएशन फोर वाइल्डलाइफ वेलफेयर' के विशेषज्ञों ने जानवरों की देखभाल और उन्हें स्थिर करने में मदद की, जिन्हें वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उनके मूल देश में वापस भेज दिया जाएगा।

### हवाई अड्डे पर जानवरों की तस्करी के मामले

बता दें कि पिछले 35 दिनों में मुंबई हवाई अड्डे पर 380 जानवरों की तस्करी के मामले सामने आए हैं, जिनमें 15 विभिन्न प्रजातियों जैसे शुगर ग्लाइडर, पिट वाइपर, और हनी बेयर शामिल हैं। जून 2025 में चार मामलों में 284 विदेशी जानवर, जिनमें सांप, इगुआना, और संरक्षित प्रजातियां शामिल थीं। सभी जानवरों को जब्त कर लिया गया था। पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था।

पावरग्रिड POWERGRID

**सूचना**

1. विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 79 (1) (डी) के साथ पठित धारा 62 और केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (व्यवसाय का संचालन) विनियम, 2023 के विनियम 15 (1) (ए) एवं विनियम 23 के साथ पठित केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (टैरिफ विनियमों की शर्तें और नियम) 2024 के तहत टैरिफ के निर्धारण के लिए याचिका, **"पश्चिमी क्षेत्र में मेसर्स एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (300 मेगावाट) को कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भुज पीएस में एक नंबर 220 केवी लाइन बे के कार्यान्वयन के तहत मेसर्स अयाना रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (100 मेगावाट) को ऋण दिया गया है।"**
उपर्युक्त ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी हैं (1) एमपीपीएमसीएल, जबलपुर (2) एमएसईडीसीएल, मुंबई (3) जीयूवीएनएल, वडोदरा (4) बिजली विभाग, गोवा सरकार, पणजी, (5) डीएनएचडीडीपीसीएल, सिलवासा (6) सीएसपीडीसीएल, रायपुर (7) अयाना रिन्यूएबल पावर फोर प्राइवेट लिमिटेड (8) एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनटीपीसी आरईएल) (9) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीटीयूआईएल)
2. टैरिफ विवरण :
परियोजना का एससीओडी : 27.02.2024
परियोजना के लिए स्वीकृत लागत : 670.04 लाख
अनुमानित पूर्णता लागत : 528.32 लाख

2024-29 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ (लाखों में)

| संपत्ति संख्या | परिसंपत्ति का नाम और उसका स्थान | सीओडी | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स अयाना रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (100 मेगावाट) को कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भुज पीएस पर एक नंबर 220 केवी लाइन बे (बे नंबर 206) | 01.04.2025 (प्रस्तावित) | 0.00 | 60.18 | 102.11 | 105.92 | 105.20 |

4. टैरिफ निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर पोस्ट की गई है।
5. आवेदन में निहित टैरिफ निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, तो लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 (या अन्य पता जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) के समक्ष दायर की जानी चाहिए, जिसकी एक प्रति आवेदक को इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अपने कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर भेजी जानी चाहिए।

स्थान: गुरुग्राम
दिनांक: 30.06.2025

सही/-
डीजीएम (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय : बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली - 110 016
कॉर्पोरेट कार्यालय : सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम, हरियाणा - 122 001
www.powergrid.in, CIN: L40101DL1989GOI038121
सार्वजनिक क्षेत्र का एक महारत्न उपक्रम

PG/CC/Notice-27/Advt-31/2025-26 Critique

## पेज एक के शेष

### सरकारी अस्पतालों में...

तहत गैर-शिक्षण चिकित्सकों को 330 बिस्तरों वाले उन गैर-शिक्षण अस्पतालों में दो साल के बाद सहायक प्रोफेसर बनने की अनुमति दी गई थी, जिन्हें मेडिकल कॉलेजों में परिवर्तित किया जा रहा था।

### मोदी ने कहा- पहलगाम...

मानवता पर आघात था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू में नहीं तौल सकते। निजी या राजनीतिक स्वार्थ के लिए आतंकवाद को मूक सहमति देना या आतंकवादियों का साथ देना किसी भी अवस्था में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश एक्शन से पहले अगर पहले यह देखेंगे कि हमला किस देश में हुआ, किसके विरुद्ध हुआ, तो यह मानवता के खिलाफ विश्वासघात होगा। **पश्चिम एशिया और यूरोप में तनाव** : ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया और यूरोप में तनाव की स्थिति का उल्लेख किया और कहा कि गाजा में मानवीय स्थिति बड़ी चिंता का कारण है। उन्होंने कहा कि भारत का अडिग विश्वास है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, मानवता की भलाई के लिए शांति का पथ ही एकमात्र विकल्प है।
**भारत बुद्ध और महात्मा गांधी की धरती** : बुद्ध और महात्मा गांधी का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि भारत भगवान बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है। हमारे लिए युद्ध और हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत हर उस प्रयास का समर्थन करता है, जो विश्व को विभाजन और संघर्ष से बाहर निकालकर संवाद, सहयोग और समन्वय की ओर अग्रसर करे।

### 12 साल से नहीं...

को सूचित किया और न ही छुट्टी की अर्जी दी, बल्कि अपनी सर्विस फाइल स्पीड पोस्ट से भोपाल भेज दी। फाइल वहां पहुंच गई और बिना किसी जांच के स्वीकार भी कर ली गई। इसके बाद ना तो ट्रेनिंग सेंटर से अनुपस्थिति की सूचना दी गई, और न ही भोपाल पुलिस लाइन में किसी ने उसकी गैरहाजिरी पर ध्यान दिया। इस तरह वह साल दर साल वेतन पाता रहा और कभी भी किसी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हुआ। हैरानी की बात यह रही कि 12 साल तक कोई अफसर भी इस गड़बड़ी को नहीं पकड़ पाया।

:: आम सूचना ::

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने वाके मौजा कुम्हारी, प.ह.नं.-04, रा.नि.मं.- भखारा, तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.) स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नम्बर-358 रकबा 0.6100 हेक्टेयर कृषि भूमि विक्रेतागण लक्ष्मण कुमार, निर्मला, लक्ष्मी, राजकुमारी, सभी पिता-किशन लाल, सभी निवासी- बोरियाकला, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन कर लिया गया है, और अग्रिम प्रतिफल राशि का भुगतान भी कर दिया गया है, विक्रय विलेख का पंजीयन किया जाना शेष है।

अतएव उक्त संव्यवहार से किसी भी निम्न किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय, निकाय, वित्तीय संस्थाए इत्यादी किसी भी प्रकार का स्वामित्व संबंधि आपत्ति हो तो मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे निम्नलिखित पते पर मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकते है समयावधि व्यतीत होने के उपरांत मेरा पक्षकार विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन के लिए अग्रसर होगा। पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-06/07/2025

भवदीय
खिलेश्वर साहू (अधिवक्ता)
निवास/कार्यालय बिझवारिन चौक,
शीतला मंदिर के पास, केनाल रोड, लालपुर,
रायपुर (छ.ग.) मो.नं.: 9098535294

## राशिफल

- **मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।
- **वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।
- **मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।
- **कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।
- **सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।
- **कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।
- **तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।
- **वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।
- **धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।
- **मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।
- **कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।
- **मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

# गुजरात से आप विधायक वसावा हत्या के प्रयास में गिरफ्तार

**राजपीपला।** गुजरात से आम आदमी पार्टी के विधायक चैतर वसावा को नर्मदा जिले के डेडियापाड़ा में एक तालुका पंचायत पदाधिकारी पर कथित हमले के बाद हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार को वसावा के निर्वाचन क्षेत्र डेडियापाड़ा के अंतर्गत प्रांत कार्यालय में आयोजित एक बैठक के दौरान हुई। पुलिस ने बताया कि वसावा को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया। नर्मदा जिले के पुलिस अधीक्षक प्रशांत सुंबे ने बताया कि वसावा को रविवार दोपहर स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और वह फिलहाल वडोदरा केंद्रीय जेल में हैं। एसपी ने बताया कि अदालत ने पांच दिन की पुलिस हिरासत की याचिका खारिज कर दी।



homefirst We'll take you home
**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारकों ने अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति को बंधक रखकर ऋण लिया है और आप, नीचे उल्लिखित ऋणधारक ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक जमानतदार के रूप में खड़े हैं। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत 04-07-2025 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ने आपके द्वारा दिए गए पते पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के साथ धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस 04-07-2025 को जारी किए गए हैं और इन नोटिसों में कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। इसलिए, वर्तमान प्रकाशन सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के प्रावधान और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है :

| क्र. सं. | खाते, ऋणधारक (ओं) व जमानतदार (ओं) का नाम और पता | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | मांग सूचना की तिथि तक कुल बकाया राशि तथा अतिरिक्त ब्याज और अन्य व्यय (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | परमानंद खातरकर, रक्षा | फ्लैट नंबर-आरडीए इंद्रप्रस्थ योजना 1, फ्लैट नंबर 304, दूसरी मंजिल, प.ह.नं. 104/57, फ्लैट नंबर बी-304, दूसरी मंजिल क्षेत्रफल 290 वर्गफीट, खसरा नंबर 125, 128/1, 128/3 का हिस्सा, स्थिति-श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना के रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए), मौजा रायपुरा, माधव राव सप्रे वार्ड, वार्ड नंबर 68, प.ह. नं.104/57, रा.नि.मं. 1, तहसील एवं जिला, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001 चौहद्दी: उत्तर-सिढ़ियां, दक्षिण-फ्लैट नं. 303, पूर्व-सड़क, पश्चिम-खुला प्लाट। | 4,96,360 |
| 2. | गौरव उपाध्याय, सरिता उपाध्याय | प्लॉट-प.ह.नं. 114/52, ख.नं. 81/4, मौजा ग्राम देवपुरी प.ह.न. 114 रा.नि.मं. रायपुर 2, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 चौहद्दी: उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- भोखन चंदेल का मकान, पूर्व- खुला प्लॉट, पश्चिम- सड़क। | 23,08,436 |


आपसे अनुरोध है कि आप इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपरोक्त राशि ब्याज और लागत के साथ चुकाएं, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड ऋणधारकों, बंधककर्ताओं और जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को अपने कब्जे में लेने सहित सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करेगी। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को उपलब्ध शक्तियों में शामिल हैं-(1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों को कब्जे में लेने की शक्ति जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को जारी करने के लिए पट्टे, बिक्री के असाइनमेंट के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकार शामिल हैं (2) पट्टे, असाइनमेंट या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकारों सहित सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना और सुरक्षित संपत्तियों को प्राप्त करना।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा (आपके व्यवसाय के सामान्य क्रम के अलावा) किसी भी सुरक्षित संपति को होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान: रायपुर
दिनांक: 07-07-2025

द्वारा हस्ताक्षरित: प्राधिकृत अधिकारी
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

## शब्द पहेली - 5920



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -5919 का हल**



■ मंगल सैनचा, बैंगलोर

## सूडोकु नवताल - 5930

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 5929 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# रुपए पर तस्वीर के लिए टैगोर समेत कई नामों पर हुआ था विचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रुपये पर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर लगाने के लिए रवीन्द्रनाथ टैगोर, मदर टेरेसा समेत कई नामों पर विचार किया गया था लेकिन सहमति महात्मा गांधी के नाम पर बनी थी। उसी आम सहमति का नतीजा है कि नोट पर गांधी की तस्वीर लंबे समय से बनी हुई है।

- महात्मा गांधी पर ही बनी थी सहमति

आरबीआई के कामकाज पर बने एक वृत्तचित्र में यह कहा गया है। आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को लोगों के सामने लाने के लिए हाल में जारी वृत्तचित्र के जरिये यह भी बताया है कि नोट प्रिंटिंग प्रेस से देश के हर कोने में रुपये को पहुंचाने के लिए ट्रेन, जलमार्ग, हवाई जहाज समेत बड़ी परिवहन प्रणालियों का उपयोग करता है।

## प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर से नोट पहचानना आसान होता है

देश में विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति और हरित क्रांति की उपलब्धियों को नोट पर आर्यभट्ट और खेती करते किसानों आदि की तस्वीरों के जरिये बखूबी उकेरा गया। केंद्रीय बैंक ने कहा, ''बाद में यह महसूस किया गया कि अगर बैंक नोट पर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर हो तो उसे पहचानना आसान हो जाता है। नकली नोट का अगर डिजाइन ठीक नहीं है तो प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर से लोगों के लिए, असली और नकली नोट की पहचान करना सरल हो जाता है।''

### आरबीआई के कामकाज पर बने वृत्तचित्र में कहा गया

#### बैंक नोट देश की तस्वीर बयां करती है

यह पहली बार है जब आरबीआई के कार्यों को वृत्तचित्र के रूप में लाया गया है। 'आरबीआई अनलॉक्ड: बियॉन्ड द रुपी' शीर्षक से जारी पांच भागों वाली यह श्रृंखला जियो हॉटस्टार के साथ मिलकर पेश की गयी है। इसमें कहा गया है, ''बैंक नोट न केवल लेन-देन का साधन है, बल्कि देश की ताकत बयां करने के साथ संचार का प्रमुख जरिया भी है।

*लंबे समय से गांधी की तस्वीर नोट पर लगी है : आरबीआई के अनुसार, ''उसी आम सहमति का नतीजा है कि लंबे समय से रुपये पर गांधी जी की तस्वीर लगी है...जब महात्मा गांधी श्रृंखला पर नोट पेश किये गये, यह पहली श्रृंखला थी जिसका डिजाइन पूरी तरह से केंद्रीय बैंक की टीम ने किया था।'' पहली बार 1969 में महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी के अवसर पर 100 रुपये का स्मारक नोट जारी किया था।*



*आजादी से पहले जीव जंतुओं की तस्वीर होती थी*
*आजादी से पहले ब्रिटिश भारत में रुपये पर उपनिवेशवाद और उससे जुड़े ऐतिहासिक और राजनीतिक संदर्भों का जिक्र होता था। इसमें वनस्पति और जीव-जन्तुओं (बाघ, हिरण) की तस्वीर होती थी...। रुपये पर ब्रिटिश साम्राज्य की भव्यता को 'सजावटी हाथियों' और राजा के अलंकृत चित्रों के माध्यम से दर्शाया जाता था।*

#### शुरू में अशोक स्तंभ की तस्वीर चर्चित हुई थी

आरबीआई के अनुसार, ''लेकिन जब भारत आजाद हुआ, धीरे-धीरे रुपये में छपी तस्वीरों में भी बदलाव आया। शुरू में रुपये पर अशोक स्तंभ के शेर के प्रतीक चिन्ह, चर्चित स्थलों आदि का उपयोग हुआ। धीरे-धीरे भारत के विकास और प्रगति के साथ रुपये ने चित्रों के माध्यम से विकास की कहानी को बयां करना शुरू किया।''

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कर्ज आवंटन में वृद्धि




नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में उसका कर्ज आवंटन 15.36 प्रतिशत बढ़कर 2.41 लाख करोड़ रुपये रहा। बीओएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की इसी तिमाही में कर्ज वितरण 2.09 लाख करोड़ रुपये था।

### गोदरेज कैपिटल का एयूएम को दोगुना करने का लक्ष्य

Godrej | CAPITAL

मुंबई। गैर-बैंक ऋणदाता गोदरेज कैपिटल के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) बढ़कर करीब 18,000 करोड़ रुपये हो गई हैं। कंपनी का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक अपने एयूएम को 25,000 करोड़ रुपये से अधिक पर पहुंचाना है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही है।

### पूंजीकरण में अधिक नुकसान में एचडीएफसी बैंक रही




नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 70,325.5 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 626.01 अंक या 0.74 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

## समूह मुंद्रा में 10 लाख टन सालाना क्षमता का संयंत्र लगा रहा

# गुजरात में पीवीसी संयंत्र लगाएगा अदाणी पेट्रोरसायन क्षेत्र में रिलायंस से प्रतिस्पर्धा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी का समूह गुजरात के मुंद्रा में 10 लाख टन सालाना क्षमता का पीवीसी संयंत्र लगाने जा रहा है। इसके साथ समूह पेट्रोरसायन क्षेत्र में उतर जाएगा। इस क्षेत्र में अभी तक रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे बड़ी कंपनी है।

इसके साथ अदाणी समूह पीवीसी क्षेत्र भी रिलायंस के साथ प्रतिस्पर्धा करेगांपीवीसी या पॉलिविनाइल क्लोराइड एक सिंथेटिक प्लास्टिक पॉलिमर है जिसका पाइप और फिटिंग से लेकर खिड़की और दरवाजे के फ्रेम, केबल इंसुलेशन, विनाइल फ्लोरिंग और वॉल कवरिंग, क्रेडिट कार्ड और खिलौने जैसे कई उत्पादों को बनाने के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है।

### घरेलू उत्पादन क्षमता 15.9 लाख टन

भारत की सालाना पीवीसी की मांग लगभग 40 लाख टन है, जबकि घरेलू उत्पादन क्षमता लगभग 15.9 लाख टन है। घरेलू क्षमता में आधी रिलायंस के पास है। पीवीसी की मांग सालाना आठ-10 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। इस मामले से अवगत दो सूत्रों ने बताया कि अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज मुंद्रा मे एक पेट्रोरसायन संकुल बना रही है।

**इस संयंत्र के साथ ही अदाणी पेट्रोरसायन क्षेत्र में उतर रहे**

**इस क्षेत्र में अब तक रिलायंस ही सबसे बड़ी कंपनी है**

**भारत की सालाना पीवीसी की मांग 40 लाख टन है**



### रिलायंस की क्षमता 7,50,000 टन सालाना है

यह परियोजना समूह को रिलायंस के खिलाफ खड़ा करेगी, जो वर्तमान में भारत की सबसे बड़ा पीवीसी उत्पादक है। रिलायंस की अनुमानित पीवीसी क्षमता लगभग 7,50,000 टन सालाना की है। रिलायंस के गुजरात में हजीरा, दहेज और वडोदरा में पीवीसी संयंत्र हैं। रिलायंस 2027 तक अपनी क्षमता को दोगुना करने की योजना बना रही है।

### संयंत्र 2027-28 तक चालू होगा

कंपनी वहां 10 लाख टन सालाना क्षमता का पीवीसी विनिर्माण संयंत्र लगा रही है। यह संयंत्र वित्त वर्ष 2027-28 तक चालू होगा। पीवीसी परियोजना में पीवीसी, क्लोर-अल्कली, कैल्शियम कार्बाइड और एसिटिलीन इकाइयों के निर्माण की क्षमताएं शामिल होने की उम्मीद है।

*आयात निर्भरता घटाने में मदद मिलेगी : अदाणी समूह एसिटिलीन और कार्बाइड आधारित पीवीसी उत्पादन प्रक्रिया को लागू करना चाहता है। इसके लिए पर्यावरणीय मंजूरी और परियोजना स्थापित करने की सहमति पहले ही मिल चुकी है। भारत में पीवीसी की मौजूदा उच्च मांग और कम आपूर्ति को देखते हुए अदाणी की परियोजना से आपूर्ति के अंतर को कम करने और आयात निर्भरता घटाने में मदद मिलेगी।*

### दोनों एक-दूसरे के क्षेत्र से अलग काम करते रहे

अदाणी समूह समूह और मुकेश अंबानी की रिलायंस लंबे समय तक एक-दूसरे से अलग क्षेत्रों में काम करते रहे हैं। लेकिन पहले स्वच्छ ऊर्जा और अब पेट्रोरसायन ऐसे क्षेत्र होंगे, जहां वे एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि मांग में वृद्धि के आधार पर भविष्य में अदाणी के मुंद्रा संयंत्र की क्षमता 20 लाख टन सालाना तक बढ़ाई जा सकती है।

### परियोजना को वित्तपोषण एसबीआई कर रही

इस परियोजना का वित्तपोषण भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले बैंकों के गठजोड़ द्वारा किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि अदाणी समूह को परियोजना के लिए 'फीडस्टॉक' हासिल करने का भरोसा है, क्योंकि समूह की पोर्टफोलियो कंपनियों के पास घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में व्यापार की विशेषज्ञता है।

# जून में इलेक्ट्रिक कार की बिक्री में बड़ा उछाल: रिपोर्ट



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में जून माह में कई गुना की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि परंपरागत ईंधन वाली यात्री कारों की बिक्री में इस दौरान कमजोर उपभोक्ता मांग के कारण गिरावट आई है। श्रीराम फाइनेंस के मोबिलिटी बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के निष्कर्षों में कहा गया है कि निजी क्षेत्र द्वारा बढ़ती भर्तियों के कारण जून, 2025 में ट्रक किराये में मजबूती बनी रही। इसी के अनुरूप विभिन्न मार्गों पर 18-टन पेलोड के लिए वापसी किराये में वृद्धि हुई, चाहे वह दिल्ली-मुंबई-दिल्ली हो यदिल्ली-हैदराबाद-दिल्ली। सालाना आधार पर, जून, 2025 में ट्रक किराये में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मई, 2025 की तुलना में इसमें 1.3 प्रतिशत वृद्धि हुई। जून, 2025 में इलेक्ट्रिक मोटर कार की बिक्री बढ़कर 9,804 इकाई हो गई, जो जून, 2024 में सिर्फ 717 इकाई थी।

### बिक्री में एक फीसदी की वृद्धि

शनिवार को जारी अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया कि मासिक आधार पर, इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री मई, 2025 में बेची गई 9,693 इकाइयों से मामूली एक प्रतिशत बढ़कर 9,804 इकाई हो गई। श्रीराम फाइनेंस के प्रबंध निदेशक वाई एस चक्रवर्ती ने कहा, ''जून, 2025 में विभिन्न परिवहन और वाहन क्षेत्रों में आर्थिक गति में सकारात्मक बदलाव को रेखांकित किया गया है।

### ट्रक किराए में मासिक आधार पर वृद्धि

विनिर्माण गतिविधियां बहाल होने से ट्रक किराये में मासिक आधार पर अच्छी वृद्धि देखी गई। उन्होंने कहा कि ईंधन की खपत और फास्टैग संग्रह में थोड़ी गिरावट आई है, लेकिन सालाना आधार पर इसमें तेज वृद्धि संरचनात्मक सुधार और मौसमी परिवहन के रुझान को दर्शाती है।

# इंडिगो अंतरराष्ट्रीय विस्तार को लेकर उत्साहित: सीईओ

एजेंसी ▶▶ एम्स्टर्डम



अंतरराष्ट्रीय विस्तार पर जोर देते हुए एयरलाइन इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा कि एम्सटर्डम यूरोप और उत्तरी अमेरिका के बाकी हिस्सों को जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान होगा।

- एयरलाइन यूरोप और उत्तरी अमेरिका के हिस्सों को जोड़ेगी
- इंडिगो की घरेलू बाजार में 64 प्रतिशत की हिस्सेदारी

इंडिगो भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है, जिसकी घरेलू बाजार में 64 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह नए मार्गों और साझेदारियों के साथ तेजी से अपनी विदेशी पहुंच को बढ़ा रही है। इंडिगो ने यूरोप में प्रवेश करते हुए इस सप्ताह मुंबई से मैनचेस्टर और एम्सटर्डम के लिए सीधी सेवाएं शुरू कीं। एल्बर्स ने इन पेशकश को एक महत्वपूर्ण अवसर बताया।

एल्बर्स ने कहा, ''मुझे लगता है कि अब यूरोप में प्रवेश करने का वक्त है। यह बदलाव सिर्फ दो नए गंतव्यों से कहीं अधिक गहरा है। यह उत्पाद का बदलाव है। यह कुछ साझेदारियों में बदलाव है। यह प्रोफाइल का बदलाव है।''उन्होंने कहा, ''400 से ज्यादा विमानों के बेड़े के साथ, इंडिगो 90 से ज्यादा घरेलू और 40 विदेशी गंतव्यों के लिए उड़ान भरती है। एल्बर्स ने कहा कि एम्स्टर्डम हवाई अड्डा संपर्क के लिए बहुत बढ़िया है और यह निश्चित रूप से यहां से यूरोप और उत्तरी अमेरिका के बाकी हिस्सों से जुड़ने के लिए, एक महत्वपूर्ण बिंदु बन जाएगा। एयरलाइन की योजना मार्च 2026 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में अपने नेटवर्क में 10 नए अंतरराष्ट्रीय गंतव्य जोड़ने की है।

# सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव का अनुमान

- व्यापारियों को शुल्क मुद्दे पर निष्कर्ष की प्रतीक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आने वाले सप्ताह में सोने की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, क्योंकि निवेशकों की नजर नौ जुलाई की महत्वपूर्ण शुल्क समयसीमा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित प्रमुख केंद्रीय बैंकों के नीतिगत संकेतों और प्रमुख वैश्विक वृहद आर्थिक आंकड़ों पर है। विश्लेषकों ने यह कहा है। निकट भविष्य में सोने की कीमतों की दिशा को प्रभावित कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि व्यापारियों को किसी भी प्रमुख नीतिगत संकेत या भू-राजनीतिक घटनाक्रम से पहले सतर्क रहने की संभावना है। भारत सहित कई देशों से आयात पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्क पर 90-दिवसीय निलंबन की अवधि नौ जुलाई को समाप्त हो रही है, जिससे अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय सामानों पर 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगने का जोखिम फिर से बढ़ गया है।

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 50,000 कर्मियों की करेंगे भर्ती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अपनी बढ़ती कारोबारी जरूरतों और विस्तार के लिए चालू वित्त वर्ष में करीब 50,000 कर्मचारियों की भर्ती करेंगे।

विभिन्न बैंकों से जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, कुल नई भर्तियों में से करीब 21,000 अधिकारी होंगे और बाकी लिपिक (क्लर्क) सहित अन्य कर्मचारी होंगे। सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से सबसे बड़ा ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) इस वित्त वर्ष में विशेषज्ञ अधिकारियों सहित करीब 20,000 लोगों को नियुक्त करने जा रहा है। एसबीआई ने देशभर में अपनी शाखाओं में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए पहले ही 505 प्रोबेशनरी ऑफिसर और 13,455 जूनियर एसोसिएट्स की भर्ती कर ली है।

*35 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में होगी नियुक्ति : 13,455 जूनियर एसोसिएट्स की भर्ती 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्तियों को भरने के इरादे से की गई है। मार्च, 2025 तक एसबीआई के कुल कर्मचारियों की संख्या 2,36,226 थी। पिछले वित्त वर्ष के अंत तक बैंक में 1,15,066 अधिकारी कार्यरत थे। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति पूर्णकालिक कर्मचारी औसत भर्ती लागत 40,440.59 रुपये थी। एसबीआई से हर साल दो प्रतिशत से कम कर्मचारी नौकरी छोड़ते हैं।*

# अमेरिकी वार्ता के परिणाम पर तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के नतीजों से तय होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित जवाबी शुल्क के निलंबन की 90 दिन की अवधि नौ जुलाई को समाप्त हो रही है।

ऐसे में यदि वार्ता के नतीजे सकारात्मक रहते हैं, तो बाजार की धारणा को बल मिल सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उनका कहना है कि इसके अलावा आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे और विदेशी कोषों का प्रवाह भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इस सप्ताह नौ जुलाई को भारत सहित दर्जनों देशों पर अमेरिकी प्रशासन द्वारा लगाए गए जवाबी शुल्क के निलंबन की 90 दिन की अवधि समाप्त हो रही है। अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया था, जिसे बाद में 90 दिन के लिए रोक दिया गया।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''यह सप्ताह न केवल भारतीय, बल्कि वैश्विक बाजारों के लिए भी महत्वपूर्ण है।''

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं: • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

शाश्वत हॉस्पिटल
Dr. Vikas Mishra Ophthalmologist & Phasco Surgon M.B.B.S., M.S. (Ophthalmology)
चश्में से आजादी
मोतियाबिंद का ऑपरेशन (बिना टांके) फेको पद्धति द्वारा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन बिना इंजेक्शन (टॉपीकल फेको)। अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर। अत्याधुनिक तकनीक द्वारा चश्में की जांच।
टिम्बर भवन के सामने, मेन रोड, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.), फोन : 0771-4060303, मो. 9753119900, www.shashwthospital.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# जोकोविच के नाम जुड़ा एक और रिकार्ड, विंबलडन में 100वीं जीत दर्ज करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बने

एजेंसी ▶▶| लंदन

नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में 100 जीत दर्ज करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने तीसरे दौर में सर्बिया के हम वतन खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविच पर 6-3, 6-0, 6-4 से जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की। उनसे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे। जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं। उन्होंने शनिवार को केकमानोविच के खिलाफ सेंटर कोर्ट पर पहले सेट में 3-3 के स्कोर से लगातार नौ गेम जीतकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया।

- इससे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे




### अगला मुकाबला एलेक्स डी. मिनाउर से होगा

जोकोविच ने कहा, 'मैं अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में जो भी इतिहास बनाऊंगा, उसके लिए मैं आभारी हूं।' अपना 20वां विंबलडन टूर्नामेंट खेल रहे 38 वर्षीय जोकोविच का अगला मुकाबला 11वें नंबर के एलेक्स डी. मिनाउर से होगा। महिला वर्ग में नौ बार विंबलडन एकल चैंपियन रहीं नवरातिलोवा ने 120 एकल जबकि पुरुष वर्ग में आठ बार के चैंपियन फेडरर ने 105 एकल मैच में जीत दर्ज कीं।




### माजचरजाक को हराकर खाचानोव क्वार्टर फाइनल में

**लंदन।** रूस के कारेन खाचानोव ने रविवार को यहां विबलडन के अंतिम 16 दौर के मैच में विश्व रैंकिंग में 109वें स्थान पर काबिज कामिल माजचरजाक को शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सत्रहवीं वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचे माजचरजाक को सीधे सेटों में 6-4, 6-2, 6-3 से हराया। खाचानोव के सामने क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज या जॉर्डन थॉम्पथन की चुनौती होगी।



## खबर संक्षेप



### आयरिश ओपन में दीक्षा संयुक्त 53वें स्थान पर

**किल्डारे (आयरलैंड)।** भारत की दीक्षा डागर तीसरे दौर में पार 73 के स्कोर से लेडीज यूरोपीय टूर के 2025 केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में तीन स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 53वें स्थान पर हैं। दीक्षा ने अब तक तीन दौर में 75, 73 और 73 के स्कोर से कुल दो ओवर का स्कोर बनाया है। लेडीज यूरोपीय टूर की ऑर्डर ऑफ मेरिट में 10वें स्थान पर चल रही दीक्षा ने तीसरे दौर में दो बर्डी की लेकिन दो बोगी भी कर गईं।

### चेबेट ने 5 हजार मीटर दौड़ में बनाया विश्व रिकॉर्ड



**यूजीन।** कीनिया की बीट्राइस चेबेट ने प्रीफॉन्टेन क्लासिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ 13 मिनट 58.06 सेकंड में जीतकर विश्व रिकार्ड बनाया। चेबेट इस स्पर्धा में 14 मिनट से कम समय निकालने वाली पहली महिला एथलीट बन गई है। उन्होंने इथियोपिया की गुडाफ त्सेगे की ओर से बनाए गए 14:00.21 के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। त्सेगे ने 2023 प्रीफोंटेन क्लासिक में यह रिकॉर्ड बनाया था। कीनिया की ही फेथ किपयेगोन ने महिलाओं की 1,500 मीटर दौड़ तीन मिनट 48.68 सेकंड में पूरी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

### जापान के निशिमेटा से हारे श्रीकांत, चुनौती समाप्त

**कैलगरी।** कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत के किदांबी श्रीकांत जापान के केंटा निशिमोटो से 21-19, 14-21, 18-21 से हार गए। उनकी हार के साथ ही कनाडा ओपन में भारत की चुनौती समाप्त हो गई।



श्रीकांत ने पहला गेम 21-19 से जीतकर मुकाबले की मजबूत शुरुआत की थी, लेकिन उनके जापानी प्रतिद्वंद्वी ने अगले दो गेम में कड़ी टक्कर दी और एक घंटे 18 मिनट तक चले गेम को जीत लिया। एक वक्त निर्णायक गेम में स्कोर 18-18 से बराबर हो गया था। हालांकि, इसके बाद निशिमोटो ने कमजोर रिटर्न पर अटैक किया और फिर श्रीकांत ने दो बार शॉट वाइड मारकर मैच जापानी खिलाड़ी के झोली में डाल दिया।

### भुल्लर मोरक्को में संयुक्त 24वें स्थान पर

**रबात (मोरक्को)।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को के तीसरे दौर में दो अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद 12 स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 24वें पायदान पर पहुंच गए। एशियाई टूर पर 11 खिताब जीतने वाले भुल्लर ने तीसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाए।



## भारत-इंग्लैंड दूसरा टेस्ट मैच : आकाशीप ने 21.1 ओवर में 99 रन देकर 6 विकेट झटके

# भारत ने पहली बार जीता बर्मिंघम का किला, इंग्लैंड को 336 रनों से हराया, सीरीज में 1-1 की बराबरी

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

भारत ने रविवार को दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन इंग्लैंड को 336 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। एजबेस्टन में 58 सालों में भारत की यह पहली टेस्ट जीत है। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट पांच विकेट से जीता था। भारत ने कप्तान शुभमन गिल के दोनों पारियों में शतक (269 रन और 161 रन) की मदद से इंग्लैंड को जीत के लिए 608 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में मेहमान टीम 271 रन पर सिमट गई। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए और दूसरी पारी छह विकेट पर 427 रन पर घोषित की। इंग्लैंड ने पहली पारी में 407 रन बनाए थे।

भारतीय टीम ने पहली बार एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर जीत हासिल की है। इससे पहले टीम ने 8 मुकाबले खेले थे और 7 में हार का सामना करना पड़ा था और एक मैच ड्रॉ रहा था। पिछली बार 2022 में भारत को इंग्लैंड के खिलाफ इस मैदान पर 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले एजबेस्टन में 56 टेस्ट मैच खेले गए थे, जिसमें से 29 मैच पहले बैटिंग करने वाली टीम ने जीते थे, जबकि 12 बार गेंदबाजी करने वाली टीम ने बाजी मारी थी। 15 मैच ड्रॉ रहे हैं। गिल टेस्ट में सर्वोच्च पारी खेलने वाले कप्तान भी बने हैं। उनसे पहले ये रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम दर्ज था। बता दें कि कोहली ने 2019 में भारतीय टीम की अगुआई करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 254 रन बनाए थे।

### भारत की जीत के तीन सबसे बड़े हीरो

**शुभमन गिल**

| पहली पारी | दूसरी पारी |
|---|---|
| 269 रन | 161 रन |

**आकाश दीप**

| पहली पारी | दूसरी पारी |
|---|---|
| 4 विकेट | 6 विकेट |



**मोहम्मद सिराज**

| पहली पारी | दूसरी पारी |
|---|---|
| 6 विकेट | 1 विकेट |



### एजबेस्टन में भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट का रिजल्ट

जुलाई 1967: इंग्लैंड 132 रन से जीता (कप्तान- मंसूर अली खान पटौदी)

जुलाई 1974: इंग्लैंड पारी और 78 रन से जीता (कप्तान- अजित वाडेकर)

जुलाई 1979: इंग्लैंड पारी और 83 रन से जीता (कप्तान- श्रीनिवास वेंकटराघवन)

जुलाई 1986: मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ (कप्तान- कपिल देव)

जुलाई 1996: इंग्लैंड 8 विकेट से जीता (कप्तान- मोहम्मद अजहरुद्दीन)

अगस्त 2011: इंग्लैंड पारी और 242 रन से जीता (कप्तान- एमएस धोनी)

अगस्त 2018: इंग्लैंड 31 रन से जीता (कप्तान- विराट कोहली)

जुलाई 2022: इंग्लैंड 7 विकेट से जीता (कप्तान- जसप्रीत बुमराह)

जुलाई 2025: भारत 366 रन से जीता (कप्तान- शुभमन गिल)

### 39 साल बाद आकाश दीप ने दोहराया रिकॉर्ड

एजबेस्टन टेस्ट में आकाश दीप ने पहली पारी में 88 देकर 4 विकेट लिए। दूसरी पारी में उन्होंने 99 रन देकर 6 विकेट झटके। वह इंग्लैंड में 10 विकेट हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बन गए। उनसे पहले चेतन शर्मा ने 1986 में बर्मिंघम टेस्ट में ही 10 विकेट हासिल किए थे। अब आकाश दीप ने 39 साल बाद यह रिकॉर्ड दोहराया है।

### जायसवाल सबसे तेज 2,000 रन पूरे करने वाले भारतीय बने

जायसवाल दूसरी पारी में 13 रन बनाते ही 2,000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। वह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 2,000 रन बनाने वाले भारतीय बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का 49 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा।

### एजबेस्टन में टेस्ट जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी भारत

भारतीय टीम एजबेस्टन में टेस्ट मैच जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी है। एशियाई टीमों ने यहां कुल 19 टेस्ट (भारत 9, पाकिस्तान 8 और श्रीलंका 2) खेले हैं। भारत की 336 रन की जीत किसी विदेशी टेस्ट में उनकी सबसे बड़ी जीत है।

### डब्ल्यूटीसी में चौथे स्थान पर पहुंचा भारत

इस जीत के साथ भारत डब्ल्यूटीसी के नए चक्र (2025-27) की अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। दो मैचों में पहली जीत के साथ उसके खाते में 12 अंक हो गए हैं और अंक प्रतिशत 50 का है। वहीं, इंग्लैंड इस हार के साथ 12 अंक और 50 अंक प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गया। फिलहाल ऑस्ट्रेलिया 12 अंक और 100 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है जबकि श्रीलंका और बांग्लादेश क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद छठे स्थान पर मौजूद है।

## विश्व मुक्केबाजी कप : साक्षी का शानदार प्रदर्शन, भारत के लिए जीता पहला गोल्ड

एजेंसी ▶▶| अस्ताना

दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने दूसरे विश्व मुक्केबाजी कप में महिलाओं के 54 किग्रा फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 24 साल की साक्षी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और अमेरिका की योसलाइन पेरेज के खिलाफ सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की।



भारतीय दल ने यहां विश्व मुक्केबाजी कप में अच्छा प्रदर्शन किया है और कुल 11 पदक पक्के किए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे।पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ने गति और सटीक पंच के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में स्थानीय दावेदार नाजिम काइजाइबे को कड़ी चुनौती दी लेकिन 2-3 के खंडित फैसले से हार गई। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) को भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जुगनू को कजाकिस्तान के बेकजाद नूरदौलेटोव के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा जबकि पूजा को आस्ट्रेलिया की एसिटा फ्लिंट के खिलाफ इसी अंतर से शिकस्त मिली।



### जायसवाल ने पूरी की अपने दृष्टिबाधित फैन की इच्छा

**बर्मिंघम।** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने एक प्रशंसक दृष्टिबाधित बच्चे रवि को ऑटोग्राफ वाला बल्ला देकर उसकी मुराद पूरी कर दी। यह बच्चा भारतीय बल्लेबाज से मिलने के लिए बेताब था। क्रिकेट प्रशंसक रवि इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच से जायसवाल से मिलने की कोशिश कर रहे थे और शनिवार को यहां चल रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन आखिरकार उनकी यह इच्छा पूरी हो गई। खेल के प्रति रवि के जुनून और उसके प्रति प्रेम से अभिभूत होकर, जायसवाल ने बच्चे को अपने ऑटोग्राफ वाला बल्ला उपहार में दिया, जिस पर संदेश लिखा था, 'रवि को प्यार के साथ शुभकामनाएं।

## मैजिक स्किल अवार्डः नामांकित हुआ दीपिका का गोल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका को 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सत्र के दौरान दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ किए गए मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकन शुक्रवार को जारी किए गए। विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया जाएगा। मतदान करने की अंतिम तिथि भारतीय समयानुसार 14 जुलाई सुबह 3 बजकर 29 मिनट है। इस पुरस्कार के लिए कुल 3 गोल को नामांकित किया गया है। दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया।



### गोल मेरे करियर के सबसे खास पलों में से एक

दीपिका ने कहा, 'नीदरलैंड के खिलाफ किया गया वह गोल मेरे करियर के सबसे खास पलों में से एक है। सब कुछ ठीक रहा और इससे हमें बराबरी करने और शूटआउट में मैच जीतने में मदद मिली। पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित होने पर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं और अपने प्रशंसकों के समर्थन के लिए आभारी हूं। ऐसे पलों के लिए ही हम कड़ा अभ्यास करते हैं।' दीपिका को इस पुरस्कार के लिए स्पेन की पैट्रिशिया अल्वारेज़ के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किए गए गोल तथा ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के इंग्लैंड के खिलाफ सामूहिक प्रयास से किए गए गोल की चुनौती का सामना करना होगा।






# धरती की वो रहस्यमयी झील, जिसके अंदर से निकलती हैं सड़कें

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** दुनिया में ऐसी कई अनोखी चीजें हैं जिनके बारे में लोगों को पूरी तरह जानकारी नहीं होती है। इस वजह से ये रहस्यमयी बन जाती हैं। ऐसी ही एक रहस्यमयी झील हमारी धरती पर है, जिसके अंदर से सड़कें निकलती हैं। सड़कें इस वजह से क्योंकि ये झील डामर से बनी है और इसके डामर से दुनिया के कई हिस्सों में रोड बनाई गई हैं। इस वजह से लोग इस झील को आठवां अजूबा मानते हैं। ट्रिनिदाद के दक्षिण-पश्चिमी तट पर स्थित ला ब्रीया पिच लेक को स्थानीय लोग प्यार से 'दुनिया का आठवां अजूबा' कहते हैं। यह झील न केवल अद्भुत है, बल्कि आज भी विज्ञान के लिए एक रहस्य बनी हुई है। यह झील दुनिया की सबसे बड़ी प्राकृतिक डामर की खदान है और इसका क्षेत्रफल लगभग 109 एकड़ है। दुनिया में ऐसी केवल तीन ही जगहें ज्ञात हैं, और ला ब्रीया उनमें से सबसे विशाल है।

### लोग बताते हैं रहस्यमयी

दूर से देखने पर यह झील किसी विशाल, काले पार्किंग लॉट जैसी दिखती है, लेकिन पास से देखने पर यह काली मिट्टी जैसी उबड़-खाबड़ और लहरदार सतह प्रतीत होती है। बरसात के मौसम में झील की सतह पर छोटे-छोटे जलकुंड बन जाते हैं, जिनमें लोग नहाते हैं। इन जलकुंडों में सल्फर की मात्रा अधिक होती है, और स्थानीय लोग मानते हैं कि ये 'जीवनदायिनी फव्वारे' हैं, जो त्वचा की समस्याओं से लेकर जोड़ों के दर्द तक में लाभकारी होते हैं। 1595 में ब्रिटिश खोजकर्ता सर वाल्टर रैले ने इस झील की खोज की थी, जब वह एल डोराडो की तलाश में थे।



### झील ने निकलता है डामर

हाल ही में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी से जुड़े एक अध्ययन में यह चौंकाने वाली खोज हुई कि झील की सतह के नीचे सूक्ष्मजीव जीवित हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये सूक्ष्मजीव यह जानने में मदद कर सकते हैं कि क्या किसी अन्य ग्रह पर जीवन संभव है। यहां से निकले वाले डामर का उपयोग दुनिया के कई प्रसिद्ध स्थानों पर किया गया है। बकिंघम पैलेस (इंग्लैंड) के सामने की सड़क, ला गार्डिया एयरपोर्ट (न्यूयॉर्क), और लिंकन टनल (जो न्यूयॉर्क को न्यू जर्सी से जोड़ता है) सभी में यहां का डामर उपयोग हुआ है। इसके अलावा कई देशों की सड़कों पर भी इसका उपयोग हुआ है।



### संजोए हुए हैं अवशेषों को

हालांकि, 1792 में स्पेनियों ने सबसे पहले यहां से डामर को शुद्ध करना शुरू किया और इसे नाम दिया 'पिच की धरती', जो कालांतर में ला ब्रीया बना। स्थानीय अमेरिंडियन समुदाय इस झील को देवताओं का प्रकोप मानते थे। एक कहानी के अनुसार, एक बार एक जनजाति ने हमिंगबर्ड (जिसे पूर्वजों की आत्माएं माना जाता था) खा लीं। इसके कारण पूरी जनजाति इस झील में समा गई। यहां खुदाई में कई पुरातात्विक अवशेष मिले हैं, जैसे एक जानवर की आकृति में तराशी गई लकड़ी की बेंच (जिस पर कारीगर का नाम आज भी स्पष्ट है)। यहां का म्यूजियम इन अवशेषों को संजोए हुए हैं।

## ● रोचक खबरें

## 7 बार मौत के मुंह में जाकर लौटी महिला उन हादसों ने बदल दी जिंदगी!



**लंदन।** कहते हैं, 'जाको राखे सांइयां मार सके ना कोए।' इस कहावत को याद करते हुए कई लोग कहते हैं कि मरना बचना इंसान के हाथ में नहीं होता है। जिसके मरना होता है, वह पल भर में बिना किसी बीमारी या हादसे के भी मर सकता है और जिसे बचना होता है, , उसे कितनी भी बड़ी से बड़ी बीमारी हो जाए, उसे कोई नहीं मार सकता है। शोना हिरॉन्स एक ऐसी महिला हैं, जो सात बार मौत के करीब पहुंची हैं। उनकी मेडिकल हिस्ट्री में कई बड़े हादसे हैं। लेकिन, आज वे ना केवल जीवित हैं, बल्कि सेहतमंद हैं और जीवन में बहुत सकारात्मक है। उनका कहना है कि पिछले अनुभवों से उन्होंने काफी कुछ सीखा है।

अस्पताल में पहुंचने के बाद शोना कोमा में चली गईं। दो हफ्ते बाद जब वह होश में आईं, तो उन्हें लगा कि सिर्फ अंगुली टूटी है। लेकिन, उनका चेहरा बुरी तरह टूट गया था। उन्हें 20% ही जीने का चांस बताया गया। फिर कैंसर हुआ। शोना ने कहा, 'मुझे समझ आया कि मैंने दूसरा मौका पाया है।' उन्होंने तनाव कम किया। कैंसर का इलाज कराया। आठ महीने बाद वह ठीक हो गईं। 2024 में उन्हें कोविड, निमोनिया, और बैक्टीरियल मेनिनजाइटिस हुआ। शोना ने कहा, 'मैं अब किसी से भी नहीं डरती।'

### क्या-क्या हुआ शोना को

शोना को मिनी-स्ट्रोक हुआ, उनके हार्ट में छेद था, एक बार बाइक एक्सीडेंट में उनकी जान खतरे में थी। इतना ही नहीं कैंसर ने भी उन्हें परेशान किया। यहां तक कि कोविड, निमोनिया, और बैक्टीरियल मेनिनजाइटिस भी उन्हें हुआ। और तो और एक बार उनका दिमाग सूज गया। उन्हें कोमा में डालना पड़ा। लेकिन, ये अनुभवों ने शोना को बदला। शोना अब मौत से नहीं डरती. वह कहती हैं, 'मैं मौत से डरती नहीं।' बाइक एक्सीडेंट के दो साल बाद उन्हें कैंसर हुआ।

## होनी या अनहोनी, सफेद कौआ दिखने के क्या हैं संकेत? काले वाले तो इनसे बनाकर रखते दूरी!

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में इन दिनों एक अजीब और दुर्लभ प्राकृतिक घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। सुबह-सुबह लगभग साढ़े सात बजे पंधाना से अरुड की ओर जा रहे स्थानीय निवासी सुमित गुर्जर ने एक ऐसा दृश्य देखा, जिसे देखकर हर कोई चौंक गया। उन्होंने एक ऐसा कौवा देखा जिसका रंग पूरी तरह सफेद था। यह कोई आम पक्षी नहीं था, बल्कि वही कौआ जिसकी आमतौर पर पहचान काले रंग से होती है। कौआ भारत में आमतौर पर पाया जाने वाला पक्षी है, जो काले रंग के लिए जाना जाता है। लेकिन, जब यही पक्षी सफेद रंग में दिखाई दे तो यह न केवल दुर्लभ होता है, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी काफी अहम हो जाता है। इस घटना को देखकर ग्रामीण आश्चर्यचकित रह गए और इसे अपने मोबाइल में रिकॉर्ड भी किया गया। सफेद कौआ वास्तव में कोई अलग प्रजाति नहीं है, बल्कि यह किसी आनुवंशिक विकृति का परिणाम होता है। वैज्ञानिक भाषा में इसे एल्बिनिज्म या ल्यूसिज़्म कहा जाता है। एल्बिनिज्म की स्थिति में शरीर में मेलेनिन नामक रंगद्रव्य की कमी हो जाती है, जिसके कारण त्वचा, बाल, पंख और आंखों का रंग सफेद या गुलाबी दिखाई देता है। वहीं, ल्यूसिज़्म में पंख तो सफेद हो जाते हैं, लेकिन आंखें सामान्य रंग की ही रहती हैं।



**खोज**

**पृथ्वी के बाहर पानी की खोज पूरी!**

# वैज्ञानिकों को मिला नया सुपर अर्थ हमारे ग्रह से दोगुना है साइज

पृथ्वी के अलावा किसी किसी दूसरे ग्रह पर पानी खोजने का वैज्ञानिकों का लंबा इंतजार खत्म हो सकता है। खगोलविदों ने एक नए ग्रह की खोज की है, जिसे पानी से भरपूर माना जा रहा है। इस 'सुपर-अर्थ' को मोरक्को के औकाइमेडेन लैब के अब्दुरहमान साबकिउ के नेतृत्व में खगोलविदों की टीम ने खोजा है।

एजेंसी ▸▸| वॉशिंगटन

रिसर्च करने वाली टीम ने नासा के ट्रांसिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट का उपयोग करते हुए ये नया ग्रह खोजा है। शोधकर्ताओं ने इस नए ग्रह का नाम टीओआई-1846 बी रखा है।

टीओआई-1846 बी की खोज करने वाली टीम का मानना है कि यह ग्रह 7.2 अरब साल पुराना है और इस पर पानी का बड़ा भंडार मिल सकता है। टीओआई-1846 बी पृथ्वी से करीब 154 प्रकाश वर्ष दूर है। यह हमारे ग्रह यानी पृथ्वी से तकरीबन दोगुना बड़ा और चार गुना से भी ज्यादा भारी है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस एक्सोप्लैनेट की त्रिज्या पृथ्वी की त्रिज्या से 1.792 गुना है और यह पृथ्वी से 4.4 गुना अधिक भारी है।



### यहां एक साल चार दिन जितना

रिसर्च कहती है कि टीओआई-1846 बी हर 3.93 दिनों में अपने उपग्रह की परिक्रमा करता है यानी इसका एक साल सिर्फ चार दिन का होता है। इस ग्रह का तापमान 568.1 के (295C) होने का अनुमान है। वैज्ञानिकों ने टीओआई-1846 बी की पुष्टि के लिए टेस के अलावा ग्राउंड बेस्ड कलर फोटोग्राफी, हाई रिजॉल्यूशन इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपिक का इस्तेमाल किया है। वैज्ञानिक ये मान रहे हैं कि यह सुपर-अर्थ पानी से भरपूर हो सकता है। हालांकि इसकी सही जानकारी के लिए अभी और रिसर्च की जरूरत है। वैज्ञानिकों ने कहा कि टीओआई-1846 बी की संरचना जानने के लिए रेडियल वेलोसिटी का इस्तेमाल किया जाएगा। आरवी के माध्यम से बेहतर तरीके से यह पता किया जा सकेगा कि ग्रह पर पानी की मौजूदगी है या नहीं है।

### इस साल दूसरे सुपर अर्थ की खोज

इस साल की शुरुआत में वैज्ञानिकों ने एचडी 20794 डी नाम का एक और सुपर-अर्थ खोजा था, जो पृथ्वी से छह गुना ज्यादा भारी है। इस ग्रह की सतह पर भी पानी होने का अनुमान है। यह पृथ्वी से 20 प्रकाश वर्ष दूर है और पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा करने के समान ही एक तारे के चारों ओर घूमता है। हालांकि पृथ्वी की तरह इसका ऑर्बिट गोल नहीं है। ऐसे में यह कहना काफी मुश्किल है कि इस ग्रह पर जीवन संभव हो सकता है।



# गीजा के पिरामिड को एक लाख गुलामों ने नहीं बनाया था



**काहिरा।** दुनिया के सात अजूबों में एक गीजा के पिरामिड को किसने बनवाया, इस पर कई तरह के दावे रहे हैं। इनके बारे में सबसे मजबूत दावा यह है कि गीजा के पिरामिड का निर्माण गुलामों के जरिए किया गया था। प्राचीन ग्रीक स्त्रोतों के आधार पर ये दावा किया जाता है कि करीब एक लाख गुलामों के हाथों से पिरामिड बने थे। इस पुरानी धारणा को नई रिसर्च ने खारिज कर दिया है। पुरातत्वविदों की इस महत्वपूर्ण खोज से 4,500 साल पहले बने दुनिया के इस अजूबे के असली निर्माताओं की पुष्टि हुई है। पिरामिड के अंदर मिली कुछ कब्रों के आधार ये खोज की गई है।

■ नई खोज से पता चला कौन थे इस अजूबे को बनाने वाले

डॉक्टर जाही हवास और उनकी टीम के नेतृत्व में की गई खोज से पता चलता है कि प्राचीन दुनिया के इस अजूबे (गीजा के पिरामिडों) का निर्माण 1,00,000 गुलामों ने नहीं, बल्कि कुशल वेतनभोगी श्रमिकों ने किया था। ये सभी कुशल मजदूर और इंजीनियर एक सख्त शासन के तहत काम कर रहे थे। पुरातत्वविदों को पिरामिड के दक्षिण में कुछ कब्रें मिली हैं, जिनमें मजदूरों के औजार और मूर्तियां हैं। ये पत्थर के विशाल ब्लॉकों को यहां लाकर लगाने का संकेत देती हैं। चूने पत्थर को 1,000 फीट की दूरी से मलबे और मिट्टी से बने रैंप सिस्टम के सहारे इमारत तक लाया गया।

### सम्मान गुलामों को लिए संभव ही नहीं था

डॉक्टर जाही हवास ने मैट बताया कि उनकी खोज के निष्कर्षों से पुष्टि होती है कि गीजा के पिरामिड बनाने वाले गुलाम नहीं थे। अगर वे गुलाम होते तो उन्हें पिरामिडों के बगल में में कभी नहीं दफनाया जाता। इनकी कब्रों में ना सिर्फ इनके औजारों को रखा गया, बल्कि इनके नाम भी गुदवाए गए। ये इनके प्रति शासन की ओर से दिखाए गए सम्मान को दर्शाता है। यह सम्मान गुलामों को लिए संभव ही नहीं था।

# गर्मी से बचने लोगों ने निकाला अनूठा उपाय, जमीन के नीचे बनाए घर!

**सिडनी।** चरम मौसम की मार से बचने के लिए इंसान बहुत उपाय कर सकते हैं। लेकिन, हर किसी के लिए तमाम उपाय अपनाना संभव नहीं। लेकिन, गरीब लोग भी कम उपाय नहीं करते हैं। पहनावे से लेकर धूप और गर्म हवा को रोकने के तरह-तरह के उपाय किए जाते हैं। वहीं, घर की ठंडक के लिए भी कोशिशें होती हैं पर ऑस्ट्रेलिया के कोबर पेडी एक अनोखा शहर है। यहां 55 डिग्री सेल्सियस की गर्मी से बचने के लिए लोग जमीन के नीचे रहते हैं। एक 38 साल की महिला ने बताया है कि कैसे उनका परिवार जमीन के अंदर रह कर भी खुश है। ज़मीन के नीचे रहना सस्ता है। एडिलेड में घर 382,000 यानी 4 करोड़ 46 लाख रुपए का है। सबरीना ने कहा, यहां कम खर्चा है। हीटिंग और कूलिंग की ज़रूरत नहीं।



### पहाड़ी के अंदर है घर

सबरीना ट्रोइसी मूल रूप से जर्मनी की हैं। अब वे कोबर पेडी में रहती हैं। उनके परिवार में उनके पति निक 14 साल का बेटा थॉमस, 14 और 13 साल की बेटी लीया हैं। उनका घर $277,000 यानी 2 करोड़ 37 लाख रुपए का है। जो एक पहाड़ी में बना है। और पहाड़ी की सतह के चार मीटर नीचे है। इसमें दो लिविंग रूम, दो बाथरूम, और एक पूल है। घर में इंडोर और आउटडोर स्पा भी है। सबरीना का ऑफिस और नीचे है। सबरीना ऑफिस मैनेजर हैं। वे उमूना ओपल माइन और म्यूजियम में काम करती हैं। कोबर पेडी में 1,600 लोग रहते हैं। 60% लोग ज़मीन के नीचे रहते हैं। ज़मीन के नीचे के घर डगआउट कहलाते हैं। ये सैंडस्टोन से बने हैं। सबरीना जर्मनी में चाइल्डकेयर एजुकेटर थीं। ऑस्ट्रेलिया में गैप ईयर के दौरान निक से मिलीं. निक उनका टूर गाइड थे। दोनों प्यार में पड़ गए।




**रिसर्च** मेडिकल क्षेत्र में क्रान्ति लाएगी नई रिसर्च, दुबई की सेंट्रल वेटरनरी रिसर्च लेबोरेटरी के शोध में भी ऊंट के आंसुओं की अद्भुत क्षमताओं पर प्रकाश डाला

# सबसे कीमती आंसू, 26 सांपों के जहर का इलाज है ऊंट के आंसू की एक बूंद

एजेंसी ▸▸| गबोरोन

रेगिस्तानी इलाकों के लिए बेहद उपयोगी जानवर माना जाने वाले ऊंट की वजह से मेडिकल क्षेत्र में क्रान्ति हो सकती है। एक नई रिसर्च कहती है कि ऊंट का आंसू सांप के काटने का रामबाण इलाज हो सकता है। बीकानेर स्थित नेशनल रिसर्च सेंटर ऑन कैमल के अध्ययन में पाया गया है कि ऊंट के आंसुओं में पाए जाने वाले एंटीबॉडी 26 सांपों के जहर को निष्क्रिय कर सकते हैं। यह अध्ययन सांप के काटने के इलाज के लिए नया रास्ता खोल सकता है।

लिवरपूल स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसीन के स्नैकबाइट रिसर्च सेंटर ने भी पाया था कि सांप के काटने की दवाई के लिए ऊंट का आंसू कारगर हो सकता है। इससे पहले दुबई की सेंट्रल वेटरनरी रिसर्च लेबोरेटरी के शोध में भी ऊंट के आंसुओं की अद्भुत क्षमताओं पर प्रकाश डाला गया था। इन क्षमताओं की वजह से ऊंट के आंसू की कीमत काफी ज्यादा होती है। ये कीमत अब और ज्यादा बढ़ सकती है।

### रिसर्च में मिली सफलता

एनआरसीसी के वैज्ञानिकों का कहना है कि ऊंट के आंसू सांप के जहर को बेअसर करने में सक्षम हैं। एनआरसीसी शोधकर्ताओं ने ऊंटों के आंसू से सॉस्केल्ड वाइपर के जहर का इलाज करने में कामयाबी पाई है। यह सांपों की विषैली प्रजाति है। इस सांप के काटने के बाद किसी की जान बचना मुश्किल माना जाता है। ऊंट के आंसुओं से निकाले गए एंटीबॉडी को जहर के घातक प्रभावों को बेअसर करने में सफलता मिली है।






### बनाई जा सकती हैं असरदार दवाएं

शोधकर्ताओं का कहना है कि ऊंट के आंसूओं में विशेष प्रकार के एंटीडोट होते हैं, जो सांप के जहर के खिलाफ बेहद प्रभावी होते हैं। ऐसे में ऊंट के आंसू से सांप के जहर के इलाज के लिए असरदार दवाएं बनाई जा सकती हैं। इस तरह की दवा भारत समेत उन देशों के लिए बड़ी राहत ला सकती है, जहां हर साल सांप के काटने से हजारों की संख्या में मौतें होती हैं।

### कई तरह के पाए जाते हैं प्रोटीन

एक्सपर्ट का कहना है कि ऊंट के आंसुओं की ऊंची कीमत की वजह इनमें सांप के काटने के इलाज की संभावना के अलावा कई तरह के प्रोटीन भी पाए जाते हैं। यही प्रोटीन ऊंट को रेगिस्तान के मुश्किल वातावरण में संक्रमणों से बचाकर जीवित रहने में मदद करता है। ऊंट के आंसूओं में लाइसोजाइम नाम का एंजाइम भी होता है। लाइसोजाइम को प्राकृतिक एंटीबायोटिक माना जाता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com